दैनिक पंचांग

सूर्योदयः 05:33 ए एम
सूर्यास्तः 07:02 पी एम
तिथिः षष्ठी - 11:27 ए एम तक
नक्षत्रः उत्तराषाढा - 02:37 पी एम तक
योगः शुभ - 03:17 पी एम तक
करणः वणिज - 11:27 ए एम तक
द्वितीय करणः विष्टि - 10:16 पी एम तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः सोमवार

Digital Edition

हिन्दी दैनिक

झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ



www.jharkhanddekho.com • वर्ष 03 • अंक 135 • पृष्ठ 8 • दुमका, सोमवार 15 मई 2023 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

संक्षिप्त समाचार

सुखोई फाइटर जेट सहित रूस के 4 मिलिट्री एयरक्राफ्ट यूक्रेन के पास पल भर में तबाह

कीव/एजेंसी। यूक्रेन की सीमा से लगे दक्षिणी रूसी क्षेत्र में शनिवार को रूस के दो लड़ाकू विमानों और दो सैन्य हेलीकॉप्टरों को मार गिराया गया. रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक सुखोई-34 फाइटर बॉम्बर, सुखोई-35 लड़ाकू और दो एमआई-8 हेलीकॉप्टर एक छापेमारी दल का हिस्सा थे, जब दुर्घटना हुई. स्वतंत्र व्यवसाय केंद्रित दैनिक कोमर्सेंट के हवाले से कहा गया, 'प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसारङ्क लड़ाकू विमानों को यूक्रेन के चेर्निहाइव क्षेत्र में लक्ष्य पर एक मिसाइल और बम से हमला करना था, और हेलीकॉप्टर को वहां अन्य बातों के अलावा 'सुखोई' चालक दल को वापस लाने के लिए तैनात किए गया था कि यदि उन्हें गोली लग जाती है और वे नीचे गिर जाते हैं, तो भी उन्हें लाया जा सके.' दक्षिणी रूस में ब्रांस्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने पुष्टि की कि क्लित्सी शहर में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. उन्होंने यह नहीं बताया कि चालक दल के साथ क्या हुआ, लेकिन उन्होंने कहा कि एक महिला को चोटें आई हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

इस बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया जिसमें यूक्रेन की सीमा से लगे रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर को गिरते दिखाया गया है.

बिजनेस

बीएसई सेंसेक्स
61,054.29–694.96 (1.13%)

निफ्टी
18,069.00–186.80 (1.02%)

आईसीएसई की 10वीं और आईएससी की 12वीं की परीक्षा के नतीजे घोषित

12वीं की परीक्षा में लखनऊ के आर्यन बने टॉपर, प्राप्त किए 99.75 प्रतिशत अंक

नई दिल्ली/एजेंसी।

आईसीएसई की कक्षा 10 और आईएससी की कक्षा 12 की परीक्षा के परिणाम घोषित हो गए हैं. काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन और इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट के 2023 के नतीजे आज दोपहर 3 बजे घोषित किए. छात्र सीआईएससीई की वेबसाइट http://cisce.org 'ff results.cisce.org पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं. मार्कशीट डाउनलोड करने के लिए आपको अपनी विशिष्ट पहचान और इंडेक्स नंबर को दर्ज करना होगा.

आईसीएसई कक्षा 10 की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हुई थी और 29 मार्च, 2023 को समाप्त हुई. वहीं कक्षा 12 की परीक्षा 13 फरवरी को शुरू हुई और 31 मार्च तक चली थी. इस साल लगभग 2.5 लाख छात्रों ने इसमें भाग लिया था.

इससे पहले शुक्रवार को, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा ने कक्षा 12 की परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए थे. इसमें 87.33 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए थे.

काउंसिल आफ इंडियन सर्टिफिकेट स्कूल एग्जामिनेशन की आईएससी परीक्षा में मोहम्मद आर्यन तारिक ने देशभर में पहला स्थान हासिल करके लखनऊ का नाम रोशन किया है। सिटी मांटेसरी स्कूल की राजाजीपुरम शाखा के छात्र आर्यन ने 12वीं में 99.75% अंक हासिल किए हैं। सीएमएस की ही दो छात्राएं देशभर में बारहवीं में दूसरे स्थान पर हैं। राजाजीपुरम शाखा की छात्रा अर्पिता सिंह और सीएमएस गोमती नगर की छात्रा आयशा खान ने 99.50 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा लखनऊ के काफी बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि क्करए व क्रउ की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व गुरुजनों को हार्दिक बधाई!

● डॉक्टर बनना चाहता है आर्यन

काउंसिल की परीक्षा में देश भर में पहला स्थान हासिल करने वाले आर्यन डॉक्टर बनकर मरीजों की सेवा करना चाहते हैं। आर्यन के पिता तारिक नफीस प्राइवेट जॉब करते हैं जबकि मां इमाइला गृहिणी हैं। आर्यन के अनुसार डॉक्टरी ही ऐसा पेशा है जिसमें आप सीधे तौर पर न सिर्फ मरीज की मदद कर सकते हैं बल्कि उनकी जान भी बचा सकते हैं। परीक्षा में सफलता हासिल करने पर आर्यन का कहना है कि चीजों को रटने के बजाय विषयवार टॉपिक क्लियर करने पर जोर देना चाहिए।

मोदी लहर खत्म हो गई है: संजय राउत

मुंबई/एजेंसी। शिवसेना नेता संजय राउत का कहन है कि मोदी लहर खत्म हो गई है और अब उनकी लहर आने वाली है। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर संजय राउत ने कहा कि बजरंग बली ने भाजपा का नहीं बल्कि कांग्रेस का साथ दिया। उन्होंने कहा कि रविवार को शरद पवार के घर पर 2024 की तैयारियों को लेकर अहम बैठक होगी।

संजय राउत ने कहा कि 'मोदी लहर खत्म हो गई है और अब देश में हमारी लहर आने वाली है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए हमारी तैयारी शुरू हो गई हैं। आज शरद पवार की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा होगी और उसकी तैयारी शुरू हो गई है।' कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर राउत ने कहा कि कर्नाटक के लोगों ने बता दिया कि तानाशाही को हराया जा सकता है। कांग्रेस को जीत मिली है तो इसका मतलब है कि बजरंग बली कांग्रेस के साथ हैं ना कि भाजपा के साथ।

चक्रवाती तूफान मोका का कहर तटीय इलाकों में बारिश शुरू

नयी दिल्ली/एजेंसी।

चक्रवाती तूफान मोका का प्रकोप जैसे जैसे बढ़ रहा है, वैसे ही तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, जैसे जैसे चक्रवाती तूफान मोका और खतरनाक होगा तो वैसे ही बांग्लादेश का एक द्वीप पानी में डूब जाएगा। हालांकि ये अस्थायी तौर पर होगा और कुछ देर बाद द्वीप से पानी उतर जाएगा। बांग्लादेशी अधिकारियों ने बताया कि 'बांग्लादेश के द्वीप सेंट मार्टिन पर किसी बुनियादी ढांचे का विकास नहीं हुआ है। जब तूफान का प्रकोप बढ़ेगा तो इसके असर से पानी सेंट मार्टिन द्वीप के एक तरह से चढ़कर दूसरी तरफ निकलेगा। इसके चलते कुछ देर के लिए सेंट मार्टिन द्वीप पानी में डूब जाएगा।'

मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब तूफान का असर बढ़ जाएगा तो उसके असर से द्वीप पानी में डूब सकता है। हालांकि लंबे समय तक ऐसा नहीं रहेगा। बांग्लादेशी मौसम विभाग का कहना है कि तूफान का केंद्र म्यांमार है, जिसका असर बांग्लादेश के कोक्स बाजार में भी रहेगा। बांग्लादेश के तटीय इलाकों में बारिश शुरू हो चुकी है।

Dipendra Singh
9335448671

R.K. Choudhary
8384831556

RK marbles & tiles

मार्बल & ग्रेनाइट
राजस्थान वाले

रेलवे स्टेशन के सामने, रिंग रोड, दुमका (झारखंड)

खुट्टाबांध कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के आसपास असामाजिक तत्व का जमावड़ा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। खूँटा बांध टापू जहां कुश्ती का अभ्यास कराया जाता है जहां से बच्चे लगातार दुमका एवं झारखंड के लिए लगातार मेडल ला रहे हैं। शहर के बीचों-बीच होने से यहां पर जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। उस जगह पर जिला प्रशासन का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जहां पर बालिका एवं महिला पहलवान दूर-दूर से आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा सुबह से रात तक लगा रहता है जहां लोग गांजा शराब का अड्डा बना दिया गया है। जो चोरी-छुपे यहां पर शराब का सेवन करते हैं तथा बोतलों को वहीं तोड़ देते हैं। इससे खिलाडियों को चोट भी पहुंचती है। मैदान पर सुबह और शाम शहर के कई खिलाड़ी छात्र-छात्राएं अभ्यास करने जाते हैं। इस दौरान उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहां पर एक सामुदायिक शौचालय के अंदर चोरी भी कर दी गई है जिससे महिला पहलवानों को चेंजिंग रूम एवं वॉशरूम का काफी समस्या का समाधान करना पड़ता है। नियमित खेलने वाले खिलाड़ियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस गश्त नही होने के करण असामाजिक तत्व के लोगों का हौसले बुलंद है। जिला प्रशासन शहर के बीचो बीच हो रहे असामाजिक तत्वों से बेखबर होकर सो रही है। उन्हें तुंरत इस समस्या पर संज्ञान लेना चाहिए।

नेशनल प्लेयर प्रमिका हेंब्रम ने कहा कि कुश्ती के मैदान में आए दिन शराबियों द्वारा शराब की बोतल ग्राउंड में फोड़ दी जाती है जिससे हम खिलाड़ियों को फोड़े गए कांच से कॉफी बार इंजरी का सामना करना पड़ता है जिससे हमारे प्रैक्टिस में काफी बाधाएं आती है ।वही नेशनल प्लेयर कोमल मरांडी ने कहा कि हमें रोजाना प्रैक्टिस के लिए सुबह के 5 बजे ग्राउंड आना पड़ता है ग्राउंड के आसपास शराबियों एवं गांजा पीने वालों की जमावड़ा रहता है। ऐसे में हमेशा एक डर बना रहता है हमें जिला प्रशासन से अनुरोध है कि हमारी विनती को सुने और कुश्ती ग्राउंड के पास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा को जल्द से जल्द खत्म करें ।वहीं ललिता कुमारी ने कहा कि हमारे कुश्ती ग्राउंड के आसपास कि- सी भी प्रकार का चेंजिंग रूम नहीं है इस कारणवश कुश्ती ग्राउंड के निकट सामुदायिक शौचालय जो बंद पड़ा हुआ था उसे हम महिला खिलाड़ी चेंजिंग रूम एवं वॉशरूम के रूप में यूज कर रहे थे परंतु असामाजिक तत्वों द्वारा वहां पर चोरी हो जाने के कारण गेट को भी तोड़ दिया गया जिससे हमें चेंजिंग रूम की भी जगह उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अंजू टूडू ने कहा हम सभी प्लेयर मेहनत कर राज्य में एवं राष्ट्रीय में पदक ला रहे हैं हमें किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं की जा रही है और जो भी हमारे पास व्यवस्था मौजूद है उसमें भी हमें काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में हम खिलाड़ी किस प्रकार दुमका एवं झारखंड के लिए पदक हासिल करेंगे ।

जय माता दी सेवा समिति द्वारा 150 लोगों को कराया भोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। रविवार को दोपहर 38° गर्मी में भी रविवार भोजन सेवा में राजमा,चावल,चिप्स, आचार का भोजन अध्यक्ष राजेश कुमार राउत के घर से स्वनिर्मित भोजन,शहर के टाटा शोरूम, टीन बाजार, धर्म स्थान,वीर कुंवर सिंह चौक,डी सी चौक, बस स्टैंड, पोखरा चौक इत्यादि जगहों पर कार से घूम घूम कर लगभग 150 लोगों को भोजन कराया गया ।साथ ही डंगाल पाडा स्थित ब्लाइंड स्कूल हास्टल में भी सभी को भोजन दिया गया। आज सही में कुछ विछिप्तों को खाना खिला कर मन को बहुत संतुष्टि मिला । इस कार्यक्रम से मन को बहुत शांति मिलती हैं और ये कार्यक्रम 1 जनवरी 2022 से लगभग प्रत्येक रविवार लगातार होता आया है ये कार्यक्रम अभी निरंतर चले ऐसा प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेश कुमार राउत,संदीप कुमार जय बमबम, प्रीतम कुमार , संतोष ठाकुर,आदित्य राज इत्यादि लोगों का कार्य सहयोग रहा।

संक्षिप्त समाचार

गिट्टी लोड ट्रेलर और स्कार्पियो में जोरदार भिड़ंत,एक महिला समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। उपराजधानी दुमका में लगभग प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं से लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं,कुछ तो हादसे में जान भी गंवा रहे हैं लेकिन इसका कुछ स्थायी हल नहीं निकल रहा है।आखिर कब तक यूं ही लोग सड़क दुघर्टना में अपनी जान गंवाते रहेंगे क्या इस गंभीर समस्या का कोई हल नहीं है। रविवार को भी हंसडीहा दुमका मुख्य मार्ग पर कुरमाहाट रेलवे स्टेशन के पास गिट्टी लोड ट्रेलर और स्कार्पियो में जोरदार भिड़ंत हो गई है।मिली जानकारी के अनुसार स्कार्पियो भागलपुर से बासुकीनाथ जा रही थी।कुरमाहाट के पास दुमका की ओर से आ रहे गिट्टी लोड ट्रेलर से स्कार्पियो की भिड़ंत हो गई,जिसमें स्कार्पियो में बैठी महिला समेत सात लोग बुरी तरह जख्मी हो गये है।ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को पिकअप वाहन से प्रारम्भिक ईलाज के लिए सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घटना की जानकारी हंसडीहा थाना को मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को जप्त कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक सभी घायलों का ईलाज सरैयाहाट में किया जा रहा है। बताते चलें कि दुमका जिले में ट्रैफिक पुलिस की ब्यवस्था नहीं है, बेलगाम वाहनों पर लगाम लगाने में विभाग भी सफल नहीं हो पा रहा है जिसके कारण दुमका पाकुड़, दुमका भागलपुर, दुमका देवघर एवं दुमका शिकारीपाड़ा मुख्य मार्ग पर आएं दिन भीषण सड़क दुघर्टना होती रहती है।

बारा पलासी के समीप अनियंत्रित होकर पलटी कोलकाता से भागलपुर जा रही यात्री बस,9 घायल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जामा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर बारा पलासी के पास आज रविवार को कोलकाता से भागलपुर जा रही राजा डीलक्स यात्री बस संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गयी,जिसमें करीब 9 लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही जामा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू एवं एसआई रवि शंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ राहत बचाव कार्य में जुट गए.स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेजवाया.मौके पर स्थानीय निवासी रमण यादव,संजय कुंवर, पप्पू यादव,राजू पूजहर,सनातन रुज,मुन्ना रुज,रंजन यादव,विपिन कुँवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मिली जानकारी के अनुसार राजा डीलक्स नामक यात्री बस पश्चिम बंगाल के कोलकाता से 58 यात्रियों को लेकर बिहार के भागलपुर जा रही थी तभी बारा पलासी के समीप गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने के कारण चालक ने नियंत्रण खो दियो जिसकी वजह से बस पलट गयी।जामा थाना एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से बस को खड़ा किया गया और घायलों को इलाज के लिए दुमका फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेजा गया।जिसमें पश्चिम बंगाल 24 परगना की महिला काजल सरदार एवं चक्रधर सरदार के साथ एक बच्चा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य ब्यक्ति इलाज के बाद अपने अपने घर चले गए।एक ब्यक्ति जिसका हाथ टूट गया था वो बाहर इलाज के लिए निकल गया। गंभीर रूप से घायल लोगो का सामान गाड़ी में ही छूट गया था जिसे गाड़ी सहित जब्त कर जामा थाना सुरक्षित ले आया गया है।जामा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि घटना में दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वहीं कुछ यात्रियों को आंशिक रूप से चोट लगी है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सकुशल घर भेज दिया गया है। वहीं गंभीर रूप से घायलों का इलाज फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका में चल रहा है ।उन्होंने साथ ही बताया कि घटना के बाद बस को कब्जे में लेकर जामा थाना लाया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

महिला थाना दुमका में किया गया 6 परिवारिक मामलों का काउंसलिंग कर निष्पादन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। महिला थाना दुमका में रविवार को पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी दीपशिखा महतो एवं कोषांग के सदस्यों ने 6 परिवारिक मामलों का काउंसलिंग कर निष्पादन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार काउंसलिंग में कुल 6 मामलों के संबंधित को उपस्थित होने का नोटिस दिया गया था ।जिस पर सभी मामलों में ही दोनों पक्ष उपस्थित हुए । उपस्थित सभी 6 मामलों के दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता कराया गया। सभी मामलों में दंपतियों को काउंसिलिंग के उपरांत विदाई की गयी। इस अवसर पर एसडीपीओ नूर मुस्तफा,महिला कोषांग थाना प्रभारी दीपशिखा महतो, सदस्य डा. मनोज कुमार घोष, शैलेंद्र सिन्हा, वीणा सिंह,किरण तिवारी,मेरी लीना मरांडी, डॉ बबीता अग्रवाल एवं डॉ कुमार प्रभात मौजूद थे ।

प्रवचन सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार भीड़

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। रानीश्वर प्रखंड क्षेत्र के पड़ीहारपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह के अंतिम दिन आज रविवार को श्रीधाम बृंदाबन के गोविन्द बल्लभ शास्त्री जी का प्रवचन सुनने श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी।इसअवसर पर यहां भंडा-रा का आयोजन किया गया।भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।श्रीमद भागवत सप्ताह आयोजन में इंद्रजीत साहा, सुमन घोष,खोकन साहा,मानस साहा,पलास पाल,पार्थ सारथी मंडल,अमित साहा,सान्तु घोष एवं प्रभात मंडल ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रवचन सुनने बीरभूम जिला के सिउड़ी,सैंथिया,रामपुरहाट,मोहम्-मद बाजार के साथ जामताड़ा जिला के विभिन्न प्रखंडों से श्रद्धालु यहां पहुंचे थे।

पूर्व सैनिक रामचन्द्र मंडल ने ग्रहण की राजद की सदस्यता

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के रायकिनारी पंचायत अंतर्गत बेलदाहा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल की ओर से कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रमोद पंडित के अध्यक्षता में किया गया। कार्यकर्ता मिलन समारोह में पूर्व सैनिक रामचन्द्र मंडल ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ने उसे प्राथमिक सदस्य बना कर फूलमाला से उनका दल में स्वागत किया। मौके पर रामचंद्र मंडल ने कहा कि एक सैनिक बनकर देश सेवा करने के बाद एक समाज सेवक के रूप में गरीब गुरबों की सेवा करना चाहता हूं। इसके लिए मुझे एक प्लेटफार्म की आवश्यकता थी जो आज पूरी हुई। उन्होंने कहा कि गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव एवं युवा नेता बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दलितों,पिछडों अल्पसंख्यकों एवं आदिवासियों को जुबान देने का काम किया है। आज पिछड़ों के अधिकार को छीना जा रहा है,तेजस्वी यादव के कुशल नेतृत्व में ही हमें अपना हक और अधिकार मिल सकता है। आज आवश्यकता है पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिलाने के लिए सभी प्रभावित वर्ग को एकजुट होकर जोरदार आंदोलन करना होगा। जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित ने कहा कि राजद की मांग है कि पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ एवं जातिगत जनगणना कराकर आबादी के हिसाब से भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र के विकास के लिए जरमुंडी को अनुमंडल बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेटुनटुन मंडल, चंदन कुमार मंडल, गंगाधर मंडल, नयन कुमार मंडल, रोहित कुमार मंडल, नीलांबर मंडल, देव कुमार, रामकुमार, मनमोहन मंडल, मिथुन कुमार, हेमंत कुमार मंडल, गोपाल शर्मा, नकुल मंडल, परेश कुमार मंडल, धर्मेंद्र कुमार, सुमन कुमार मांझी, टिंकल कुमार मंडल, कपिल देव यादव, रामकृष्ण पंजियारा, पवन कुमार मंडल, दिलीप मंडल, द्वा-रका नाथ मांझी, दिलीप मंडल, पंकज कुमार मांझी, बबलू मंडल, रामसुंदर मांझी, भीम भंडारी, नित्यानंद मंडल, विजय कुमार, नारायण मंडल, दिनेश कुमार मांझी, दिनेश कुमार, मांझी, पालू दास, श्यामसुंदर मांझी, नीलाबर मांझी, अजीत कुमार, कपिलदेव मंडल, शशिकांत मांझी, मदन वेद, सुबल मंडल सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

TO-LET
(3600 sq ft)
GROUND FLOOR
7 room late bath attach
SECOND FLOOR
4 room and 1 hall late bath attach
Address-lakhikundi (bridge left side),Dumka
Contact number-7004213289

उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ । रविवार को उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, ई- विद्यावाहिनी में शिक्षकों एवं छात्रा की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन संबंधित समीक्षा कर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान 30 शिक्षक ऐसे मिले जो ढाई महीने से ई- विद्यावाहिनी पोर्टल पर उपस्थिति सुनिश्चित नहीं कर रहे थें। उपायुक्त ने कहा कि इसकी पूर्ण जांच करें, यदि ई- विद्यावाहिनी पोर्टल पर उपस्थिति नहीं बनाया गया है और वेतन का भुगतान कर दिया गया है तो प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पर भी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जरूरत है। सभी बीआरपी, सीआरपी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओ का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों का संचालन सही तरीके से करते हुए स्कूलों में पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने जानकारी ली की कितने शिक्षकों द्वारा सिलेबस को कंप्लीट कराया गया है। उपायुक्त ने सभी प्रधानाध्यापक को प्रत्येक सप्ताह शिक्षकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्यान भोजन का संचालन किया जाए एवं मध्यान भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र छात्राओं को दी जाती है। उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी के द्वारा किया जाए। आगे उपायुक्त ने कहा कि सरकार के द्वारा विद्यालय स्तर पर चलाई जा रही सारी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ कार्य करें। उपायुक्त ने जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन की स्थिति की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि तीनों स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम, साइंस लैबोरेट्री, लाइब्रेरी समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर उत्कृष्ट विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सभी शिक्षक सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, एडीपीओ जयेंद्र मिश्रा, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

संक्षिप्त समाचार

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी के द्वारा वार्षिक आम सभा का आयोजन

पाकुड़िया(पाकुड़) । **(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । प्रखंड परिसर स्थित परियोजना कार्यालय में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी के द्वारा गठित पाकुड़िया आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। इसमें गत वितीय वर्ष का आय ब्यय का ब्यौरा लिया गया। साथ ही पदाधिकारियों का बदलाव और वित्तीय वर्ष 2023 -2024 में लिये जाने वाले जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिसमें जितने भी परिवार छूटे हुए हैं उनको हर हाल में सखी मंडल में जोड़ने का निर्देश दिया गया। साथ ही नया सखी मंडल का गठन करने का भी निर्देश दिया गया। उन सखी मंडलों को सभी सरकारी योजनाओं से जोड़ना एवं सभी सखी मंडलों को वित्तीय गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया गया। साथ ही यह भी चर्चा किया गया कि सभी एसएचजी और भिओ का प्रखंडस्तरीय बैठक भी जल्द सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पाकुड़िया प्रशांत यादव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव कुमार के साथ ही साथ सभी सखी मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थी।

प्रसिद्ध ग्रामीण हाट लागडुम से चिरूडीह सीमा तक, आरइओ पथ हुआ जर्जर, ग्रामीणों के आवागमन में भारी असुविधा

पाकुड़ । **(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)**। अच्छी सड़क को विकास का दर्पण कहा जाता है। परन्तु पाकुड़िया प्रखण्ड के लागडुम पंचायत के सदियों पुराने ग्रामीण हाट जिसे ग्रामीण लागडुम हटिया कहते हैं उक्त हटिया टोला से तालवा सीमा तक रोड पूर्णतः जीर्ण होने से ग्रामीणों को आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। विशेष कर वर्षा के दिनों में सड़क के नाला बन जाने से काफी कठिनाई झेलनी पड़ती है। ग्रामीण जनता को प्रखण्ड मुख्यालय से जोड़ने के लिए इस महत्वपूर्ण ग्रामीण पथ के निर्माण की स्वीकृति सरकार ने अबतक नही दी है। पथ पर बिखरे स्टोन मेटल व गड्ढों से साइकिल, बाइक यहां तक पैदल चलना पूरा जोखिम भरा होता है। इधर इस बाबत लागडुम, चिरूडीह टोला निवासी सोलेमान किस्कू, बुद्धिश्वर हेम्ब्रम, सनातन टूडु, रूबीन मुर्मू,बोला किस्कु,सग्राम हेम्बरम सहित कई महिलाओं ने कहा कि रोड पर चलना बहुत कठिनाई भरा है।ग्रामीणों ने बताया इसी पथ से प्रतिदिन छात्र छात्राऐं विद्यालय जाती आती हैं और महेशपुर प्रखण्ड के दुमदुमी तथा दुसरे गांव के लोग भी, इसी रोड से आवागमन करते हैं पर सड़क बहुत खराब होने से मुश्किलें बढ़ी है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से उक्त सड़क को प्राथमिकता के आधार पर नवनिर्माण कराने की मांग की है ताकि,हम ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा हो सके।

पुलिस इंस्पेक्टर सुरेन्द्र रविदास का विदाई सह सम्मान समारोह कर दी गई विदाई

हिरणपुर(पाकुड़) । **(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । लिट्टीपाड़ा प्रभाग के पुलिस इंस्पेक्टर सुरेन्द्र रविदास का एसीबी रांची में स्थानंतरण होने से हिरणपुर थाना प्रांगण में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मुख्य रूप से सीडीपीओ अजीत कुमार विमल, हिरणपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी अरुणिमा बागे के अलावा हिरणपुर लिट्टीपाड़ा के पुलिस पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य एवं प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित थे। विदाई समारोह के मौके पर उपस्थित पदाधिकारी ने बुके एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मौके पर उपस्थित सीडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा पुलिस इंस्पेक्टर एस आर दास पाकुड़ जिला में अपने कार्यकाल का बेहतर कार्य निष्पादन करने के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

जनता दल यूनाइटेड पार्टी की बैठक, जीतलाल टुडू बने हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

हिरनपुर(पाकुड़) । हिरणपुर प्रखंड के घाघरजानी पंचायत में जनता दल यूनाइटेड पार्टी जिला अध्यक्ष गौतम मंडल के नेतृत्व में पार्टी की बैठक किया गया. बैठक में हिरणपुर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया. हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष पद पर जीतलाल टुडू को जनता दलयू की सदस्यता दिलाते हुए हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया. जिला अध्यक्ष गौतम मंडल लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मारकुश सोरेन, हिरणपुर मंडल के लालू शाह, जिला सचिव मोहम्मद आलम शेख, जिला के उपाध्यक्ष अनिल कशयप एवं बैठक में जीतलाल टुडू के नेतृत्व में जनता दलयू के सदस्यता ग्रहण करने वाले चंदन मुर्मू, आलम शेख. बाजार मुर्मू, बुलाए मुर्मू, जग्गू हेंब्रम, जग्गू हेंब्रम, नीरू टुडू, बरकी मुर्मू, साजन किस्कू एवं दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को देखते हुए सैकड़ों कार्यकर्ता आदिवासी कार्यकर्ताओं ने जनता दलयू की सदस्यता ग्रहण किया. सभी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा की हिरणपुर प्रखंड में जनता दलयू का संगठन मजबूत होगा. हिरणपुर प्रखंड में पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता दिलाया जाएगा ताकि आने वाले 2024 के चुनाव में हमारे नेता नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरे देश का विकास हो सके एवं हमारे झारखंड में भी जनता दलयू का सरकार बने महागठबंधन की सरकार बने और हम सब मिलकर के जनता के हित में विकास का काम करने का काम करेंगे. जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने कहा लोगो बहुत आशा के साथ देश की जो महंगाई बढ़ रही है. इस से निजात पाने के लिए हमारे लोकप्रिय नेता नीतीश कुमार की ओर देख रहे हैं, कि जिस तरह से उन्होंने बिहार का विकास किया उसी तरह हमारे देश का विकास हो सके आज जो देश में तानाशाह की सरकार चल रही है. खरीद परोस की सरकार चल रही है, जो लोग इस मुद्दे को उठाते हैं तो केंद्र सरकार उसे ईडी, सीबीआई से डलवाने का काम करते हैं. आज हमारे पाकुड़ जिला में केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे योजना कोई भी धरातल पर नहीं नजर आ रहा है. समाचार पत्रिका में प्रधानमंत्री अपने कामों को गिनाते आते हैं और लोगों को मन की बात कह कर दिग्भ्रमित करते हैं. आज हमारे समाज को बांटने का काम कर रही है. भारतीय जनता पार्टी को आपने देखा होगा कि अभी जो विधानसभा चुनाव कर्नाटक में हुआ. वहां कांग्रेस पार्टी की बहुमत की सरकार बनी है तो कहीं ना कहीं लोगों में अविश्वास जगह है कि यह फेंकू सरकार को जड़ से उखाड़ आ जाए और नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो गठबंधन बनने जा रहा है, सरकार बने और देश विकास की ओर जाए. मौके पर दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे.

कलश शोभायात्रा के साथ चार दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का भव्य शुभारंभ

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि) ।

पाकुड़िया(पाकुड़) । पाकुड़िया प्रखंड के गणपुरा गाँव में शनिवार को कलश शोभायात्रा के साथ चार दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान गाजेबाजे एवं ढोल के साथ शोभायात्रा गणपुरा दुर्गामंदिर से निकलकर पवित्र ब्राह्मणी नदी के घाट तक पहुँची जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल ले कर शोभायात्रा पुनः मंदिर प्रांगण तक पहुँची। तत्पपश्चात चार दिवसीय अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हो गया। संकीर्तन में आयोजन कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पाल, सचिव रवि पाल, कोषाध्यक्ष फुचू पाल, सदस्य मधुसूदन पाल, शिव शंकर पाल, संतोष कुमार भगत, मुन्ना भगत, गोपाल चौधरी , निपेन चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे थे। ब्राम्हणी नदी से शोभायात्रा मंदिर वापसी के बाद का कमेटी की ओर से सभी श्रद्धालुओ को ठंडा जल एवं शर्बत पिलाया गया। अध्यक्ष मुन्ना पाल ने बताया कि यहां चार दिवसीय हरिनाम संकीर्तन के दौरान 24 प्रहर बंगला हरिनाम सँकीर्तन का आयोजन रखा गया है । साथ ही प्रतिदिन संध्या में गोड्डा, सिउड़ी एवं कोलकाता के सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा भव्य कीर्तन भजन का आयोजन होगा। हर साल की भांति इस साल भी गणपुरा में सँकीर्तन के आयोजन से लोगो में खुशी देखी जा रही है।

खसरा रुबेला एमआर का टीका हेतु कैंप कर जानकारी दिया

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़िया(पाकुड़) । प्लस टू उच्च विद्यालय गणपुरा में शत प्रतिशत खसरा रुबेला एमआर का टीका हेतु कैंप लगाया गया है। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार मरांडी ने बताया कि पूर्व में ही सभी अभिभावकों को फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी दी गई थी कि आप के बच्चे को एमआर का टीका दिया जायेगा। श्री मरांडी ने बताया कि सभी अभिभावकों एवं बच्चों को टीका लेने के लाभ से संबंधित जानकारी बच्चों एवं अभिभावकों को विस्तार पूर्वक दिया गया था। अभिभावकों ने टीका के लाभ को समझा और अपने अपने बच्चे को समय पर आकर टीका दिलाया। विद्यालय के 175 छात्र छात्राओं को एमआर का टीका लगाया गया। श्री मरांडी ने बताया कि शत-प्रतिशत बच्चों का टीका लगने का अर्थ है कि अब पहले वाली बात नहीं रही। अभिभावक जागरूक हो चुके हैं और और बच्चों को टीका दिलाने में रुचि दिखा रहे हैं। मौके पर स्वास्थ्यकर्मी सरदारमल जाट,एएनएम अनुपम रुंडा, बबीता कुमारी एमपीडब्ल्यू सहित विद्यालय के शिक्षक माधव तिवारी, आखेरूल अंसारी, खुर्शीद अंसारी, सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिका एवं अभिभावक उपस्थित थे।

पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया

लिट्टीपाड़ा(पाकुड) । **(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर रविवार को पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाकर दर्जनो वाहनों का जांच किया गया. वाहन जांच का नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी अरुणिमा बागे ने बताया जांच अभियान में दर्जनो मोटरसाइकिल चालको का ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन पेपर, हेलमेट सहित अन्य कागजातों का जांच किया गया. इस दौरान बिना हेलमेट के आधा दर्जन वाहन चालकों को अगली बार गलती नही करने के शर्त पर छोड़ा गया. साथ ही सभी वाहन चालकों को सड़क यातायात नियम का पालन करने, मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट का उपयोग करने का निर्देश दिया.

13 सूत्री मांगों को लेकर पचुवाड़ा ग्राम सेवा समिति सह समस्त पचुवाड़ा ग्रामीणों ने किया बीजीआर डीबीएल के विरोध में अनिश्चितकालीन चक्का जाम

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ । 13 सूत्री मांगों को लेकर पचुवाड़ा ग्राम सेवा समिति सह समस्त पचुवाड़ा ग्रामीणों ने रविवार सुबह 5:00 बजे से डब्ल्यूबीपीडीसीएल के आवंटी कंपनी बीजीआर नॉर्थ कॉल ब्लॉक और पीएसपीसीएल के आवंटी कंपनी डीबीएल सेंट्रल कोल परियोजना से परिचालन कर रहे डंपर वाहनों को रोककर अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया की दोनों कोल कंपनी बुनियादी सुविधा पानी, बिजली, नौकरी, आवागमन के लिए अलग से सड़क, स्वास्थ्य के लिए हॉस्पिटल, शिक्षा के लिए स्कूल, बच्चों को स्कूल जाने के लिए बस, बूढ़ा बुजुर्ग के लिए पेंशन, महिलाओं के लिए अलग से भत्ता, खेलने कूदने के लिए स्टेडियम, ट्रेनिंग सेंटर, विस्थापित और प्रभावित गांव में रात्रि में डीजी का व्यवस्था नही किया है, ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हमारी सारी मांगे पूरी नहीं होती तब तक अनिश्चितकालीन तक चक्का जाम रहेगा ग्रामीणों का कहना है कि डब्ल्यूबीपीडीसीएल के आवंटी कंपनी बीजीआर विगत 3 वर्षों से ग्रामीणों को शोषण करता आ रहा है ग्रामीणों के लिए बुनियादी सुविधा तथा रोजगार एवं अन्य महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराने में विफल रही है. इन्हीं सभी मांगों को लेकर हम सभी पचुवाड़ा ग्राम सेवा समिति से ग्रामीणों ने एकजुट होकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया है. अनिश्चितकालीन सड़क जाम का सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव सहित डब्ल्यूबीपीडीसीएल के आवंटित कंपनी नॉर्थ कोल ब्लॉक के बीजीआर अधिकारी कुमार रेड्डी संजय बेसरा, जैम्स मुर्मू और पीएसपीसीएल के जीएम सहित माइंस मैनेजर राकेश पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक के आवंटी कंपनी के डीबीएल अधिकारी एचआर प्रिस कुमार, राजेश कर्ण, संजय दास स्थानीय ग्रामीण रंजन मरांडी सोनाराम सोरेन सहित जामा स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की।

वार्ता करने पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारी के समक्ष अपनी यह 11 सूत्री मांग रखें ग्रामीणों ने कहा कि हमारी मांगे कंपनी नहीं पूरा करती है बार-बार आश्वासन पर आश्वासन दिए जा रही है। कंपनी हमारी मांगों को पूरा पहले करते तो अनिश्चितकालीन सड़क जाम करने का नौबत नहीं आता। समाचार भेजे जाने तक ग्रामीणों से वार्ता जारी थी.

रामगढ़ की महिला मजदूर की संदेहास्पद स्थिति में केरल के त्रिचूर शहर में मौत

दुमका जिला प्रशासन एवं रामगढ़ थाना पुलिस की मदद से शव को हवाई मार्ग से मंगाकर किया गया परिजनों को सुपुर्द

उड़ीसा के एक युवक को गिरफ्तार कर त्रिचूर पुलिस कर रही है छानबीन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिलठा बी पंचायत अंतर्गत बलियाखोडा गांव की महिला मजदूर के शव को पुलिस ने केरल से विमान द्वारा मंगाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। ज्ञात हो कि बलियाखोडा गांव की मोनिका किस्कू मजदूरी करने केरल के त्रिचूर शहर गई थी जहां संदेहास्पद स्थिति में उसकी। मौत हो गई थी। मोनिका किस्कू की मौत के बाद ईस्ट पुलिस स्टेशन त्रिचुर टाउन जिला केरल के द्वारा दूरभाष द्वारा दुमका पुलिस को सूचित किया गया कि मोनिका किस्कू पिता- लुखीराम किस्कू जो कि बलिया खोड़ा पंचायत सिलठा-बी थाना- रामगढ़ जिला-दुमका झारखंड की रहने वाली है का शव ईस्ट पुलिस स्टेशन त्रिचुर टाउन अंतर्गत एक लॉज के कमरा में बरामद हुआ है। मृतक के पास से आधार कार्ड बरामद हुआ जिससे उसकी शिनाख्त हो पाई। इस मामले में उड़ीसा राज्य के रहने वाले एक व्यक्ति की गिरफ्तारी केरल पुलिस के द्वारा की गई है। मामले की जानकारी मोनिका किस्कू के परिजनों को इसकी जानकारी दी गई । मृतिका के परिजन अत्यंत गरीब होने के कारण शव को लाने में अपनी असमर्थता जताई तथा दुमका पुलिस प्रशासन और दुमका जिला प्रशासन से शव को पैतृक गृह रामगढ़ लाने के लिए निवेदन किया गया इस पर उपायुक्त दुमका तथा पुलिस अधीक्षक दुमका के द्वारा केरल राज्य के त्रिचुर टाउन थाना से समन्वय स्थापित कर शव को प्लेन द्वारा रांची मंगाया गया तथा रांची से शव को स्कॉट करते हुए रामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बलिया खोड़ा लाया गया तथा परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस एवं प्रशासन के इस कार्य की लोगों ने सराहना करते हुए दोषी को सजा दिलाने के साथ साथ परिजनों ने मुआवजा की मांग की है।

पर्यावरण मित्र निखिल मेहुल के जज्बे को सलाम

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

रांची । झारखंड के कल्प तरु मित्र के नाम से मशहूर निखिल मेहुल कल रात पतरातु के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए अपने दोस्त ओमप्रकाश नायक के साथ निकल पड़े। निखिल मेहुल ने बताया कि कल शाम में उसके साथियों के द्वारा पता चला कि पिठोरिया - पतरातु के जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। तभी वे लगी आग को बुझाने रात को ही निकल पड़े और रात 10 बजे से लेकर 12:15 तक कढ़ी मस्क़त के बाद जंगलों में लगी आग को बुझाने में काफी हद तक सफल हुए।

इन्होंने कहा कि जंगलों में आग अपने आप बहुत कम ही लगता है, इसे हम जैसे लोग ही अपने कुछ फ़ायदे को लेकर लगाते हैं जो गलत है। गरमी की दिनों में ज्यादातर लोग महुआ बिछने के लिए आग को लगा देते हैं ताकि वे आसानी से महुआ चुन सके।

क्षेत्रीय प्रशासन तथा वन विभाग के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जंगल के आस - पास के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। आग लगने से काफी सारे जीव - जन्तु मर जाते हैं और साथ ही बहुत सारे आयुर्वेदिक पेड़ - पौधे भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। इससे ग्लोबल वार्मिंग की खतरा बढ़ सकता है जिससे हमारे आने वाले दिन बहुत ही पीड़ादायक होगें। आज जिस तरह से हिट वेब बढ़ रही है इसका सीधा असर पेड़ों को अंधा - धुंध कटाई को जाता है। अगर हमें इन चीजों से बचना है तो हमें संकल्प लेना होगा कि जंगलों में आग नहीं लगाएंगे साथ नए पेड़ - पौधे लगाएंगे। इनका नारा है - चलो आज करें हम पेड़ों की रक्षा, कल ये करेंगें हमारी रक्षा।

मानगो में नाली के घटिया निर्माण,एक माह के भीतर भरभरा कर टूट गई नाली

● भ्रष्टाचार का सागर बना है मानगो नगर निगम उपायुक्त को करूंगा शिकायत : विकास सिंह

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर । मानगो के संकोसाई के रोड नंबर एक के संजीवनी पथ में विधायक निधि से बनी नाली एक माह के अंदर भरभरा कर टूटने लगी है स्थानीय लोग आक्रोशित होकर जमकर इसका विरोध किया और भाजपा नेता विकास सिंह को मौके में बुलाकर यथास्थिति से अवगत कराया । स्थानीय लोगों ने मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को बताया कि कुछ दिन पहले मानगो नगर निगम के द्वारा नाली का निर्माण कराया गया आरंभ से ही नाली का घटिया निर्माण कराया जा रहा था बस्ती वासियों ने जब इसका विरोध किया तो मौके में मौजूद संवेदक ने कहा कि मैं मंत्री का आदमी हूं जैसा मन करेगा वेसा काम करूंगा जहां शिकायत करना है कर दीजिए, तब बस्ती वासियों ने कार्यस्थल में पहुंचे कनीय अभियंता नंदू प्रसाद को मामले की जानकारी दिया तो मौके में पहुंचे नंदू प्रसाद ने कहा कि काम का विरोध करोगे तो काम पूरी तरह बंद करवा देंगे। कनीय अभियंता और संवेदक की बात से स्थानीय लोग डर गए । जैसे मन चाहा वैसे संवेदक ने काम किया जब मात्र एक महीने के अंदर नाली भरभरा कर टूटने लगा तब स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता विकास सिंह को मौके में बुलाकर स्थिति से अवगत कराया विकास सिंह ने कहा कि मानगो नगर निगम भ्रष्टाचार का सागर बन गया है नाली लोगों की सुविधा के लिए बनना था लेकिन यहां मामला पूरी तरह उल्टा हो गया है जगह-जगह नाली का स्लैब और क्षतिग्रस्त हो गए हैं स्थानीय लोगों को कहना है बहुत कम मात्रा में सरिया देकर नाली का निर्माण कराया गया है मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि सारे मामले की जानकारी उपायुक्त महोदया के साथ-साथ नगर विकास के सचिव को दूंगा और भ्रष्टाचार में विराम लगाने के लिए लगातार संघर्ष जारी रखेंगे । मौके में पहुंचे विकास सिंह ने कहा नाली को तोड़कर दोबारा नहीं बनाया गया तो कार्यस्थल में स्थानीय लोगों के साथ धरना प्रदर्शन का भी काम किया जाएगा कमीशन खोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी । मौके में मुख्य रूप से विकास सिंह के साथ अजीत प्रजापति, दीनानाथ शर्मा, शंकर कालिंदी, रीता देवी, विमला देवी, कौशल्या देवी, सुशांतो रूहीदास, दीपाली कालिंदी ,छोटू कालिंदी, सीता देवी ,सुशीला शर्मा, सावित्री भारती, नगीना देवी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

आग से झुलस कर 17 वर्षीय बालक की मौत परिजनों में मातम

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

चकाई । चकाई थाना क्षेत्र अंतर्गत के जलखरीया गांव की है खाना बनाने के दौरान आग से झुलसी एक 17 वर्षीय किशोरी की इलाज के क्रम में देवघर सदर अस्पताल में मौत हो गई है मृतका का नाम नंदनी कुमारी है आग लगने के बाद किशोरी को परिजन आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन ज्यादा जलने की वजह से इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई गैस लीक होने लगी आग परिजनों ने बताया कि घर में गैस लीक हो रहा था और किशोरी गैस जलाकर उसपर खाना बनाने जा रही थी जैसे ही उसने गैस जलाने के लिये माचीस जलाई उसी दौरान आग धधक उठी आग देखते ही देखते उसके कपड़े में लग गई काफी मशक्कत के बाद उसके शरीर में लगे आग को बुझाया गया आग से झुलसने की वजह से उसके शरीर का लगभग 90 प्रतिशत भाग जल गया था परिजन उसे इलाज के लिये पहले चकाई स्थित रेफरल अस्पताल ले गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया घर में गैस लीक हो रहा था और किशोरी गैस जलाकर उसपर खाना बनाने जा रही थी जैसे ही उसने गैस जलाने के लिये माचीस जलाई उसी दौरान आग धधक उठी आग देखते ही देखते उसके कपड़े में लग गई काफी मशक्कत के बाद उसके शरीर में लगे आग को बुझाया गया परिजनइलाज के दौरान किशोरी की मौत देवघर सदर अस्पताल में कुछ देर किशोरी का इलाज चला लेकिन थोड़ी देर में ही उसने दम तोड़ दिया इधर जानकारी मिलते ही बैद्यनाथ धाम ओपी में तैनात एएसआई राजकुमार टूडू मौके पर पहंच गए और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया एएसआई का कहना गै कि गैस सिलेंडर का पाइप लीक कर रहा था खाना बनाने के लिऐ चूल्हे के पास माचिस जलाते ही आग भभक उठी जिसमें किशोरी की मौत हो गई है

चितरा थाना में महारुद्र यज्ञ के सफल संचालन को लेकर बैठक का आयोजन

● पुरा मेला प्रक्षेत्र सिसीटीवी की निगरानी में रहेगा - एसडीपीओ सारठ

चितरा । एसपी माइंस चितरा कोलियरी में आगामी 25 मई से 2 जून तक 9 दिवसीय श्री श्री 1008 महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है । इसके सफल संचालन के लिए चितरा थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सारठ धिरेंद्र नारायण बंका की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान यज्ञ मंडप और मुख्य पंडाल में महिला पुलिसकर्मी के साथ पुरे मेला प्रक्षेत्र में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति पर चर्चा की गई। साथ ही अग्निशमन यंत्र के व्यवस्था पर विचार किया गया। साथ ही मेला प्रक्षेत्र के साफ-सफाई की व्यवस्था कमेटी द्वारा कराए जाने पर निर्णय हुआ । यज्ञ के दौरान पुलिस मित्र की बहाली पर चर्चा की गई । सभी पंचायत प्रतिनिधि को पुलिस मित्र के चयन का उत्तरदायित्व सौंपा गया और इनके कंट्रोल का उत्तरदायित्व पुलिस प्रशासन की होगी । साथ ही सीआईएसएफ और ईसीएल सिक्योरिटी की भी मेला के सफल संचालन में मदद ली जाएगी। वही कलश यात्रा के मार्ग पर भी चर्चा की गई । इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र नारायण बंका ने कहा कि नौ दिवसीय महारुद्र यज्ञ मेला के सफल संचालन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बाहर से आने वाले कलाकारों और अतिथियों के सुरक्षा और सेवा सत्कार की रूपरेखा तैयार की जा रही है । पूरा मेला प्रक्षेत्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। किसी तरह की अव्यवस्था और अफवाह की जानकारी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है। जिसमें यज्ञ समिति के लोग ,पुलिस प्रशासन, वॉलिंटियर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था में लगे लोग शामिल रहेंगे ।इस दौरान मौके पर सीआईएसफ के निरीक्षक एमके शर्मा ,चितरा थाना प्रभारी राजीव कुमार, खागा थाना प्रभारी अजय कुमार यादव, ईसीएल सुरक्षा पदाधिकारी अनूप कुमार, कोलियरी अभिकर्ता राम सुभाग चौधरी, झारखंड युवा मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत शेखर ,विधायक प्रतिनिधि महेंद्र राणा ,चांदो मंडल मुखिया जगन्नाथ रवानी, महादेव सिंह,मदन कोल, सुजीत रजक ,राजू दास ,युगल किशोर राय , राजेश राय, योगेश राय ,अरुण पांडे , ललित मिश्रा, रामू शर्मा ,संदीप शंकर , पप्पू भोक्ता ,अविनाश रंजन ,राजकमल भोक्ता, संजय मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे ।

ससुराल जा रहे हैं मोटरसाइकिल दुर्घटना चालक घायल माथा में 15 टांके लगे

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

बड़कागांव रविवार शाम को कटकमदाग प्रखंड के पसई ग्राम निवासी 27 वर्षीय मोटरसाइकिल चालक निर्मल राम (पिता रितु भुइयां) बड़कागांव के गुरु चट्टी में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया ।ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए बड़कागांव समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया । सड़क पर गिरने से माथा फट गया । इलाज के दौरान माथे में 15 टांके लगाए गए । घटना को लेकर घायल निर्मल ने बताया कि मैं ससुराल पलांडू जा रहा था सड़क में बालू गिरा हुआ था जिसके कारण मोटरसाइकिल स्लिप कर गिर गया था।

संक्षिप्त समाचार

सड़क दुर्घटना में एक की मौत,दो गंभीर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि/ दुमका। रघुनाथपुर,आसनबनी-बारमसिया मुख्य सड़क पर धानभाषा के समीप रविवार के शाम सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई एवं दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।सूचना पाकर रानीश्वर थाना की पुलिस ने घटना स्थल पंहुच कर शव को कब्जा में लिया है।घायलों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया हैं।

गंधअधिवास अनुष्ठान के साथ हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ

झारखंड देखो/प्रतिनिधि/ दुमका। रामगढ़ प्रखंड के गंगवारा पंचायत अन्तर्गत सूढ़ी गम्हरिया गांव में श्री श्री 108 हरिनाम संकीर्तन का वार्षिक आयोजन प्रारंभ हुआ।पांच दिवसीय आयोजन का शनिवार की रात गंधअधिवास से प्रारंभ हुओअनुष्ठान में रविवार के प्रातः काल से हरे राम, हरे राम,राम राम हरे हरे,हरे कृष्ण,हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे के महामंत्र की अखंड उच्चारण के साथ हरि नाम संकीर्तन की शुरूआत हुई।संकीर्तन रविवार,सोमवार और मंगलवार को अखंड रूप से चलेगा। मंगल वार की रात में महारास लीला का आयोजन भी होगा। बुधवार को कुंज विलास के साथ आयोजन संपन्न होगा। सार्वजनिक हरि नाम संकीर्तन आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार सूढ़ी गम्हरिया में पिछली कई पीढ़ियों से हरि नाम संकीर्तन का सार्वजनिक रूप से आयोजन हो रहा है।परम्परानुसार इस वर्ष भी हरिनाम संकीर्तन के दौरान प्रतिदिन संध्याकाल में बांग्ला एवं हिंदी भाषा में भजन एवं कीर्तन तथा हिन्दी भाषा में कथा- प्रवचन आयोजित होगा।इसके लिये बकेश्वर,बीरभूम,पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध बांग्ला संकीर्तन गायिका शोभा मंडल,पीरा,पथरगामा ,गोड्डा की कथा व्यास सरिता देवी,बांग्ला पाला कीर्तनकार उद्धव मंडल तथा जवाहर लाल मंडल एवं रामधुन तथा हिन्दी भजन -कीर्तन के लिये रघुनन्दन मंडल तथा विवेक ठाकुर की टोली आ रही है।

जिया ने माता पिता का मान बढ़ाया

● असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की है तमन्ना

देवघर। संत फ्रांसिस स्कूल,देवघर की छात्रा जिया ने 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 76.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। हिंदी विद्यापीठ में मीडिया प्रभारी के पद पर कार्यरत शम्भूनाथ सहाय एवं नीतू सिन्हा की पुत्री जिया बिलासी टाउन की निवासी है। जिया की सफलता पर सहाय परिवार में खुशी का आलम है। अपनी बच्ची की सफलता पर माता पिता ने ईश्वर को धन्यवाद दिया है। बचपन से ही पढ़ाई के प्रति लगनशील जिया सहाय ने अपनी सफलता पर खुश होकर आगे चलकर असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की मंशा जाहिर की है। जिया अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के अलावा अपने गुरुजनों में नंदलाल सर,रोहित सर एवं चंदन परिहस्त सर के साथ ही अपने मामा प्रफुल्ल कुमार सिन्हा को दी ही।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के पतन की शुरुआत हुई

● जनता ने मोदी को सबक सिखाया

देवघर। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की जीत वहां की जनता की जीत है। अपने वोट के जरिए कर्नाटक की जनता ने मोदी को सबक सिखाया है।

श्री कुमार ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं श्री राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष श्री मलिकार्जुन खडगे एवं श्रीमती प्रियंका गांधी के कुशल नेतृत्व तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है की कर्नाटक में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है, इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं।

श्री कुमार ने कहा कि इस जीत ने यह दिखा दिया है कि नरेंद्र मोदी की झूठ को जनता बर्दाश्त नहीं करने वाली है और यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं की इस जीत ने भाजपा के पतन की शुरुआत की कहानी लिख दी है।

कार्मेल स्कूल के छात्रों ने 2ी 10वीं की बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम।

मधुपुर। ICSE बोर्ड दसवीं का परीक्षा परिणाम रविवार को घोषित हो गया। परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्र छात्राओं में काफी खुशी का माहौल देखा गया। कार्मेल स्कूल के छात्रों ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की ।कुल 30 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रशांत कुमार ने सर्वाधिक 98.2% अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहे, जबकि यश मोदी 98% साथ दूसरे स्थान पर, रानी पाल 97.4% के साथ तीसरे स्थान पर, रिधिमा सुकृती 97% के साथ चौथे स्थान पर ,दीपक 96.2% के साथ पांचवें ,रौनक गुप्ता 95.4% के साथ छठे स्थान, हर्ष गुप्ता 95.2% के साथ सातवें स्थान पर,कनिष्का पंसारी95.2% के साथ सातवें , दिव्य मोहनका 95% के साथ आठवें स्थान पर, प्रिया शाही 95% के साथ आठवें स्थान पर ,उपासना लच्छीरामका 94.4% के साथ नौवें स्थान पर, रौनक बथवाल 94.2% के साथ दसवां स्थान प्राप्त किए।वहीं सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर पुष्पा ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

महिलाओं में ज्ञान और आत्म: जागरूकता

तंज़ीला तासीर,रांची।

झारखण्ड देखो डेस्क। हम सभी जानते हैं समय के साथ साथ महिलाओं के ज्ञान और आत्म-जागरूकता के विकास ने उनकी उन्नति को सुगम बनाया है। महिलाओं के पास आधुनिक दुनिया में अपनी आकांक्षाओं को विकसित करने और साकार करने के कई अवसर हैं। हैदराबाद की तैयबा बेगम खेड़ीव जंग जैसी महिलाओं के बारे में पढ़ना और सीखना हर किसी को प्रेरित करता है, और हमारा सौभाग्य भी होता है,क्योंकि वह पहली मुस्लिम महिला स्नातक थीं, जिन्होंने जीवन भर सभी महिलाओं की शिक्षा के लिए दृढ़ता से लड़ाई लड़ी। उनके उत्कृष्ट जीवन की एक झलक अपने शैक्षिक अधिकारों के लिए लड़ने वाली हजारों भारतीय मुस्लिम महिलाओं को प्रेरणा दे सकती है।तैयबा बेगम ऐसे समय में बड़ी हुईं जब शिक्षित होना महिलाओं के लिए बिल्कुल भी यथार्थवादी नहीं था। उन्होंने 1894 में मद्रास विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री पूरी की, ऐसा करने वाली वह पहली मुस्लिम महिला थीं। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में, उन्होंने ब्रह्म समाज के वार्षिक महिला सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने अंजुमन-ए-खवातिन-ए-इस्लाम का नियंत्रण भी ग्रहण किया, जो बेगम रुकैया सखावत हुसैन द्वारा महिलाओं की शिक्षा और कौशल में सुधार करके उन्हें मुक्त करने के लिए शुरू की गई एक परियोजना थी। उन्होंने 1905 में एक उपन्यास 'अनवारी बेगम' भी लिखा था, जो हैदराबाद के घरों में महिलाओं के जीवन पर ध्यान केंद्रित करके सामाजिक सुधारों का समर्थन करता था। उन्हें भारतीय लोक संगीत में योगदान देने के लिए भी जाना जाता है। 1907 में, तैयबा बेगम ने, सरोजिनी नायडू और लेडी अमीना हैदरी जैसी महिलाओं के साथ, हैदराबाद के निज़ाम को हैदराबाद में महबूबिया गर्ल्स स्कूल स्थापित करने की अनुमति देने के लिए राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने लेडी हैदरी के साथ कई सामाजिक परियोजनाओं में सहयोग किया। इन दोनों ने लेडी हैदरी क्लब की स्थापना की थी। उन्होंने वंचितों के लिए एक पुस्तकालय और एक स्कूल चलाया। उन्होंने हैदराबाद में महिलाओं के लिए जिन आठ स्कूलों की स्थापना की उनमें से दो आज भी काम कर रहे हैं। वह एक असाधारण उदाहरण है जिससे समकालीन महिलाएं सीख सकती हैं। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए आज की महिलाओं को खुद को सशक्त बनाना चाहिए।

भारत सरकार भी महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करती है। इसके अलावा, भारतीय संविधान का अनुच्छेद -16 महिलाओं को समान अवसर की गारंटी देता है। महिलाओं की कोई सीमा नहीं होती है और अब समय आ गया है कि उन्हें इसे महसूस करना चाहिए। अगर तैयबा बेगम गर्भवती होते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद कर पातीं तो आज महिलाओं के लिए गर्भावस्था भी बाधा नहीं बन सकती। यह मुस्लिम महिलाओं के लिए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सफलता का मार्ग प्रशस्त करने का सही समय है।अगर हम अब इन महिलाओं से कुछ नही सीख सके तो शायद हम बहुत कुछ सीखने के बाद भी कुछ न सीखने की पंक्ति में खड़े नज़र आने लगेंगे,ऐसे हम मर्दों के बनिस्बत कोई काम कम नहीं करते हैं,मगर अभी भी हमें उन महिलाओं के बारे में सोचना है ,उन्हें आत्मझ जागरूक करने के बारे क़दम बढ़ाना है, ऐसे तमाम महिलाएं जागरूक हैं,अपने आप में एक महान विज्ञानिक,और बुद्धिमान भी हैं चाहे वह घर में रसोई का काम करने वाली हो या फिर हवाई जहाज़ उड़ाने वाली हो सभी महान हैं लेकिन समय के साथ साथ चलना भी हमारी अपनी ज़िम्मेदारी हैं।प्रस्तुत लेख मेरी निजी राय है।

संक्षिप्त समाचार

खेलों में सिख बच्चों को मिल रही उपलब्धियों पर भगवान सिंह ने खुशी जतायी

- **भजन कौर, हरजस सिंह व हरकीरत सिंह सिख युवाओं के लिए प्रेरणास्रोतः भगवान सिंह**

जमशेदपुर। विश्व पटल पर खेल के क्षेत्र में सिख युवाओं को मिल रही उपलब्धि पर सीजीपीसी के प्रधान ने प्रसन्नता जताते हुए टाटा आर्चरी ऐकेडमी की कैडेट भजन कौर ने युवा विश्वकप तीरंदाजी के लिये भारतीय टीम में चुने जाने पर युवा तीरंदाज को बधायी और शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

भगवान सिंह ने रविवार को भजन कौर को विश्वकप तीरंदाजी में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने तथा उससे पूर्व टाटा स्पोटर्सपर्सन ऑफ द ईयर चुने जाने पर भारतीय तीरंदाजी का भविष्य बताया। भजन कौर इसी वर्ष टर्की में आयोजित होने वाले तीरंदाजी विश्वकप में भारतीय टीम का हिस्सा होंगी। दुसरी तरफ़ भगवान सिंह ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 क्रिकेट टीम में चुने गये दो सिख युवकों हरजस सिंह और हरकिरत सिंह को भी बधाई देते हुए उन्हें सिख युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बताया है। उन्होंने कहा की वे भजन कौर, हरजस सिंह व हरकीरत सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं तथा उम्मीद करते हैं कि और सिख भी इनसे प्रेरित होकर खेलों के क्षेत्र में सफलता हासिल करेंगे।

सीबीएसई 12वीं कॉमर्स में निखिल अकादमी ऑफ कॉमर्स के छात्रों का दबदबा

जमशेदपुर। सीबीएसई द्वारा जारी किये गये 12वीं कॉमर्स के परीक्षा परिणाम में निखिल अकादमी के अनुभव प्रतीक ने 95.4 प्रतिशत अंक लाकर पूरे शहर में तीसरा स्थान और जमशेदपुर पब्लिक स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनुभव के पिता प्रशांत वर्मा टाटा स्टील के कर्मचारी है एवं माँ किरण वर्मा गृहिणी है। अनुभव न्यू बारीडीह का रहने वाला है, ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार तथा अपने शिक्षकगण को दिया। इसके साथ ही चिन्मया विद्यालय में निखिल अकादमी के छात्र अंकित भारद्वाज ने 12वी कॉमर्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकित को 91.8 प्रतिधत अंक मिला। अंकित के पिता अनिल पाण्डेय प्रभात खबर के लेखापाल है एवं माता अंशु पाण्डेय गृहिणी है। अंकित गदड़ा, गोविन्दपुर का रहने वाला है। अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, अपने माता-पिता और अपने शिक्षकों को दिया। एनएसी के शिक्षक निखिल कुमार एवं मनप्रीत भाटिया ने बताया कि परीक्षा का परिणाम बहुत बेहतर रहा है। उन्होंने सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाएं दिया।

सुंदरनगरः महिला समिति के समर कैंप में बच्चों ने की खूब मस्ती

जमशेदपुर। अखिल भारतीय महिला समिति सुंदरनगर द्वार आयोजित एक दिवसीय समर कैंप में 75 बच्चों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। समर कैंप में ड्राइंग प्रतियोगिता, बैलून बास्टिग, आर्ट एंड क्राफ्ट, जुंबा, योग क्विज प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियां आयोजित कर बच्चों का प्रशिक्षित किया गया। साथ ही बच्चों के लिए फैन गेम भी हुए। कैंप में रोचक एवं लाभदायक गतिविधियों से बच्चों का ज्ञानवर्धन किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चिलचिलाती गर्मी में आयोजित इस समर कैंप में बच्चों ने खूब मस्ती की। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी अरुण बाकरे वाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समिति की अध्यक्ष मधु बकरेवाल की देखरेख में सुंदरनगर सामुदायिक भवन में सभी कार्यक्रम आयोजित किये गये। मधु बकरेवाल ने प्रोग्राम के अंत में सभी बच्चों को मेडल पहनाया और गिफ्ट के साथ सर्टिफिकेट देकर बच्चों को प्रोत्साहन किया। बच्चों ने सुबह, दोपहर ओर शाम में लजीज व्यंजन का भी आनन्द उठाया। इस समर कैंप को सफल बनाने में महिला समिति सुंदरनगर शाखा की सचिव संगीता कबरा, सीमा अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, किरण अग्रवाल, पिंकी मालपानी, ऋचा शर्मा, पिंकी अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

विधायक सरयू राय ने बाबुडीह दौरा किया जहा 10 हजारों लोगों के लिए पानी का ट्रीटमेंट प्लांट लगाता है

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर । सरयू राय ने कहा की सुबह बाबूडीह के ऑक्सीजन कॉलोनी स्थित उस मैदान में गया जहाँ बाबूडीह, भूईयांडीह, छाईबस्ती, लालभट्ठा जैसे पिछड़े इलाकों के करीब 10 हजार लोगों को पीने का पानी की आपूर्ति के लिए ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। बस्तीवासियों की मांग है कि उन्होंने उस मैदान के एक हिस्से में पूजा वेदी का निर्माण कराया है, जहाँ दुर्गा पूजा सहित कथा, प्रवचन आदि धार्मिक आयोजन होते हैं। इन कार्यक्रमों के लिए मैदान का एक खण्ड छोड़ा जाना चाहिए, ताकि बस्तीवासी उसका उपयोग धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए कर सकें। बस्तीवासियों की माँग है कि इसके लिए 200 गुणा 200 फीट आकार का भूखंड छोड़ा जाय। मैंने उन्हें आश्वस्त किया कि मैं इस बारे में टाटा स्टील के अधिकारियों से वार्ता करूंगा। सिद्धान्ततः टाटा स्टील के अधिकारी सहमत हैं कि पूजा के लिए भूखंड छोड़ा जाएगा। मैं प्रयास करूंगा कि बस्तीवासियों की मांग के अनुरूप 200 गुणा 200 फीट भूखंड उनके उपयोग के लिए छोड़ दिया जाय। जो भूखण्ड बस्तीवासियों के लिए छोड़ा जायेगा उसकी चाहरदीवारी कराने का आग्रह भी उन्होंने किया है। इस बारे में पूजा समिति का निर्णय अंतिम होगा। अब इस स्थान पर वाटर ट्रिटमेंट प्लांट लगाने का रास्ता साफ हो गया। कल से इसका निर्माण आरंभ हो जाएगा।

उसके बाद मैं लिट्टीचैक स्थित टिमकेन फैक्टरी की चाहरदीवारी से सटे हुए उस स्थान पर गया जहां चाहरदीवारी के भीतर से लगातार पानी का प्रवाह आधा दर्जन से अधिक जगहों से सड़क पर हो रहा है, जिससे सड़क टूट गयी है, आवागमन बाधित हो रहा है, गाड़ियाँ फँस जा रही हैं। पिछले साल मेरी कार भी वहाँ फँस गई थी और बड़ी मशक्कत के बाद उसे वहां से निकाला गया था। मैंने टिमकेन और ब्लू स्कोप के अधिकारियों से इस संदर्भ में गत एक वर्ष से बात कर रहा हूँ। इनमें से कोई भी स्वीकार नहीं कर रहा है कि यहाँ बह रहा पानी उनकी फैक्टरी का है। तीन दिन पहले मैंने इस समस्या से टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक को अवगत कराया और बताया कि चाहरदिवारी के भीतर से कई वर्षों से इस स्थान पर पानी का प्रवाह लगातार सड़क पर गिर रहा है, मगर कोई भी कंपनी इसकी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं है। चुँकि चहारदीवारी का निर्माण जुस्को द्वारा किया गया है इसलिए मैंने उनसे मांग किया कि इस पानी का प्रवाह अविलंब रोका जाय तथा क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण शीघ्र किया जाय। साथ ही मेन रोड से नदी किनारे तक एक सुदृढ़ सड़क बनायी जाय। मेरे साथ दो दर्जन से अधिक बस्तीवासी भी थे जो इससे पीड़ित हैं। बस्तीवासियों के साथ मिलकर मैंने निर्णय लिया कि यदि एक सप्ताह के भीतर पानी का प्रवाह रोकने का इंतजाम नहीं होता है तो आठवें दिन बस्तीवासी पानी निकलने के सभी रास्तों को कंक्रीट-सीमेंट से जाम कर देंगे। इसके बाद जिनका पानी इस रास्ते से निकल रहा है, वे खुद ही सामने आ जायेंगे।

इसके बाद मैं टिमकेन, ब्लू स्कोप, सीआरएम बारा कंपनियों के भीतर उस स्थान पर गया, जहाँ तीन बड़े-बड़े तालाब बने हुए हैं। इन तालाबों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण प्रशंसनीय है, परंतु इन फैक्टरियों का पानी तालाब में जाने के कारण तालाब प्रदूषित हो गये हैं। तालाब के भीतर कई मरी हुई मछलियाँ दिखाई पड़ी। ओवरफ्लो होने पर तालाब और आसपास की फैक्टरियों से नालों के माध्यम से निकलने वाला पानी ही वास्तव में चहारदीवारी के बाहर सड़क पर प्रवाहित हो रहा है।

तालाबों के किनारे रंकिनीमाई और बूढ़ा महादेव नामक दो स्थल है, जहाँ पर आम लोग पूजा करने के लिए आते हैं। रंकिनीमाई और बूढ़ा महादेव स्थल को उनके प्रतिष्ठा के अनुरूप मंदिर के रूप में विकसित करने की जरूरत है। साथ ही तालाबों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने और साफ रखने की जरूरत है। इन दोनों स्थानों पर नियंत्रित रूप में लोगों का आना-जाना हो और पूजा-पाठ करनेवाले भी आ सके, इसके लिए मैं टाटा स्टील के प्रबंधकों से बात करूंगा।

- **उपर्युक्त विवरण के आलोक में निष्कर्ष के रूप में निम्नांकित बिन्दुओं की ओर कंपनी प्रबंधन और क्षेत्र की जनता का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ:-**

» 1. ऑक्सीजन कॉलोनी स्थित मैदान में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की कार्रवाई तेज की जाय। वहाँ पूजा के लिए समुचित स्थान बस्तीवासियों को चिन्हित कर दिया जाय। इस बारे में पूजा समिति सीधे कंपनी के अधिकारियों से बात करके संतुष्ट होंगी। इसके साथ ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का अवरोध समाप्त हो गया। कल से ट्रीटमेंट प्लांट का काम द्रुत गति से आरंभ होगा।

» 2. यदि एक सप्ताह के भीतर टिमकेन की चाहरदीवारी से निकलकर सड़क को क्षतिग्रस्त करने वाली पानी का प्रवाह नहीं रोका गया तो आठवें दिन बस्तीवासी उस रास्ते को कंक्रीट–सीमेंट से बंद कर देंगे।

» 3. सीआरएम बारा कैम्पस के भीतर बने तालाबों के पानी को स्वच्छ रखने, उस रमणीक स्थल को जनता से जोड़ने तथा रंकिनीमाई और बूढ़ा महादेव के पूजा स्थलों को विकसित करने के संबंध में टाटा स्टील के अधिकारियों से वार्ता होगी।

नेत्रहीन चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का 17 मई से होगा आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर। इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन और ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 14 मई 2023 दिन रविवार को आगामी राष्ट्रीय नेत्रहीन महिला और पुरुष के फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ जिसमें इस टूर्नामेंट के निदेशक जगन्नाथ बेहरा ने प्रेस को संबोधित करते हुए इस टूर्नामेंट की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया झारखंड के जमशेदपुर शहर में पहली बार नेत्रहीन राष्ट्रीय स्तर पर सातवें पुरुष और तीसरे महिला संस्करण के तहत चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट 2023 का आयोजन जमशेदपुर स्थित तीनप्लेट स्पोट्र्स कंपलेक्स परिसर में दिनांक 17 मई से 20 मई 2023 तक किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में अब तक पुरुषों वर्ग में कुल 12 राज्यों की और महिला वर्ग में पुल 12 राज्यों की टीम आने की अधिकारिक सूचनाएं प्राप्त चुकी है । जोनल स्तर पर संपन्न हुए प्रतियोगिता के उपरांत हर जॉन से तीन तीन टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सेदारी कर रही हैं। टीमों के आवासन की व्यवस्था जमशेदपुर के सुंदरनगर स्थित चेशायर होम और जमशेदपुर के जेआरडी स्पोट्र्स कंपलेक्स में किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 230 महिला और पुरुष खिलाड़ी , 20 तकनीकी अधिकारी और 50 सहयोगी अधिकारी कुल मिलाकर 280 प्रतिभागी अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली भारत की चारों क्षेत्रीय टीमों में कई अंतरराष्ट्रीय पुरुष और महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस पूरे टूर्नामेंट के टेक्निकल डायरेक्टर हैं सुनील जी मैथ्यू जिनका जमशेदपुर आगमन हो चुका है और भी तैयारी को लेकर आश्वस्त हैं। प्रतियोगिता के दौरान तीन चक्र में टूर्नामेंट संपन्न किए जाएंगे। पहला चक्र लीग मैच का होगा जबकि दूसरा चक्र सेमीफाइनल और तीसरा चक्र फाइनल नॉकआउट आधार पर खेला जाना है। इस टूर्नामेंट की सभी मैच है प्रातः कालीन सत्र 6:00 से 10:00 तक और संध्या कालीन सत्र में 4:00 बजे संध्या से रात 10:00 बजे तक खेले जाएंगे। मैचों को विधिवत संपन्न कराने हेतु विशेष रुप से मैच रेफरी आईबीबीएफ की ओर से नियुक्त किए गए हैं ।प्रतियोगिता के मैच हेतु तीनप्लेट स्पोट्र्स कंपलेक्स में मैदान पूरी तरह तैयार है। दिनांक 17 मई 2023 को प्रतियोगिता स्थल में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम की उपस्थिति में उद्घाटन कार्यक्रम के रूप में होना सुनिश्चित है। राष्ट्रीय स्तर के इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समिति के द्वारा पर्यवेक्षक का आगमन हो चुका है। टूर्नामेंट के दौरान अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारतीय टीम के चयन भी किए जाएंगे चयनकर्ता के रूप में सुनील जी मैथ्यू मुंबई से वासुदेव बर्मन आसाम से रितिक दिल्ली से जेएफसी से अरशद हुसैन और राहुल राज टुडे नामित किए गए हैं। दिनांक 20 मई 2023 को प्रतियोगिता का समापन समारोह पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न होगा इस प्रतियोगिता में विजेता , उपविजेता , द्वितीय उपविजेता और कई व्यक्तिगत पुरस्कारों से खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसके आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री जगन्नाथ बेहरा , सचिव राजकुमार सिंह बनाए गए हैं ।इसके साथ ही आयोजन समिति ने जमशेदपुर की प्रबुद्ध जनता , खेल प्रेमियों, समाज सेवी संगठनों/ संस्थाओं से विशेष अनुरोध किया कि इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग के लिए आगे आए। जमशेदपुर के दर्शकों से खेल प्रेमियों से विशेष आग्रह किया गया की राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन करने के लिए मैच की तिथियों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आयोजन स्थल पर पहुंचे। अनोखे मैच को देखने के लिए एवं प्रतियोगिता की विशेष जानकारी के लिए सहयोग के लिए आयोजन समिति के सचिव राजकुमार सिंह के मोबाइल नंबर 9308820769 अथवा अध्यक्ष आयोजन समिति जगन्नाथ बेहरा के मोबाइल नंबर 90 31 35 20 82 पर संपर्क कर सकते हैं। दर्शकों के लिए यह टूर्नामेंट निशुल्क है।

आज के प्रेस वार्ता को सफल बनाने में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष - जगन्नाथ बेहरा, सचिव - राजकुमार सिंह, निदेशक- नरेश कुमार , डब्ल्यू रहमान , चंद्रमणि मोदी, शंभू मुखी डूंगरी , राकेश उरांव , गोमिया सुंडी , उपेन्द्र बांद्रा और प्रेस प्रभारी श्याम शर्मा का विशेष योगदान रहा।

क्रीड़ा भारती जमशेदपुर महानगर के ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्घाटन

जमशेदपुर। क्रीड़ा भारती जमशेदपुर महानगर द्वारा समर कैंप का उद्घाटन केबुल वेलफेयर मैदान में हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संघचालक श्री इंदर अग्रवाल, अध्यक्ष श्री शिव शंकर सिंह, प्रान्त मंत्री राजीव कुमार, सांसद प्रतिनिधि श्री संजीव कुमार, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष तथा आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार, वेटरन हॉकी प्लेयर श्री मंजीत सिंह, केबुल क्लब के श्री अरुण ठाकुर ने भारत माता तथा हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर कैंप का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों तथा उपस्थित अभिभावकों को मुख्य अतिथि श्री इंदर अग्रवाल ने संबोधित करते हुए शिक्षा के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा की हम सब कर्मयोगी बने ,स्वस्थ बने, देशभक्त बने। श्री दिनेश कुमार और श्री संजीव कुमार ने भी उपस्थित बच्चों से भी इस कैंप के माध्यम से खेल से जुड़ने की बात कही। क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष श्री शिव शंकर सिंह ने कैंप के बारे में विस्तार से बताते हुए आए हुए सभी बच्चों का, अभिभावकों का, प्रशिक्षकों का व्यवस्थापकों का स्वागत किया और सभी अतिथियों का धन्यवाद किया । इस कैंप में कुल 208 बच्चे 10 खेलों में भाग ले रहे हैं। इन बच्चों को सिखाने के लिए विभिन्न खेलों से संबंधित कुल 26 कोच अपना योगदान दे रहे हैं। इन 10 खेलों में फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबाल, कराते, क्रिकेट, खो खो, मुक्केबाजी, तीरंदाजी है। योग सबों के लिए अनिवार्य है। एक देशभक्ति गीत की प्रस्तुति चंदन, तेजस और दक्ष ने किया। इस गीत को कैंप के सभी बच्चे आगे कंठस्थ करेंगे। इस कैंप का संचालन सुभाष कुमार , अनूप कुमार सिंह, कुंदन चन्द्रा, सुखदेव सिंह ने किया।

- मुख्य अतिथि– श्री इंदर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि - श्री संजीव, श्री दिनेश कुमार , श्री अरुण ठाकुर, सरदार मंजीत सिंह जी श्री प्रदीप कुमार जैन, धन्यवाद ज्ञापन - श्री शिव शंकर सिंह, अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, जमशेदपुर खेल के प्रमुख कोच - पवन मुंडा, उज्जवल कुमार, समीर कुमार, प्रेम कुमार, सुमित शर्मा, कौशल सोरेन, विपुल कुमार, कुंदन कुमार चंद्रा, राधिका बांनरा, निशु बेग, रेशमी कुमारी, श्वेता सिंह, सरजू राम, प्रीतम कुमार, बिरसा शांडिल्य।
- उपस्थित प्रमुख सदस्य एवं कार्यकर्ता – अनूप कुमार, सतनाम सिंह, सुखदेव सिंह, कुंदन चंद्रा, जगदीश कुमार, चंद्रशेखर, सुभाष कुमार, संतोष दुबे, गोपी, दिलीप सिंह, दिलीप मंडल, रमेश मंडल, संदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

खासमहल सदर अस्पताल में नवजात शिशुओं की माताओं को मिला सम्मान

जमशेदपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल, खासमहल में 50 नवजात शिशुओं के लिए उनकी माताओं को कपड़ो का किट देकर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी, डॉ बिमलेश और सदर अस्पताल की टीम का भी अमूल्य सहयोग रहा। मौके पर शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा माताओं और नवजात शिशुओं के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम भविष्य में भी इस लक्ष्य की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, सचिव अंशुल रिंगासिया, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, मेघा चौधरी, विजय सोनी, उत्कर्ष अग्रवाल व विनीत बोरा का योगदान रहा।

बाल विवाह के खिलाफ युवा का स्टेकहोल्डरों के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन(युवा) के तत्वावधान में बाल विवाह के खिलाफ एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला, सुंदरनगर में गर्ल्स फर्स्ट फंड के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला में पोटका प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि, किशोरियाँ, ग्राम प्रधान, जमशेदपुर से विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, उछरअ एवम ूँ ि ;ल्ली के सदस्य ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन ज्योति हेमब्रोम ने किया। युवा संस्था की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने कार्यक्रम का उद्देशय बताते हुए कहा कि गैर सरकारी संस्थाएं और सरकारी संस्थाएं दोनों बाल विवाह, जबरन विवाह पर कार्य कर रही है। फिर भी बाल विवाह रुक नहीं रहा है। इसमें हम क्या रणनीति बना सकते है जिसे बाल विवाह न हो। इस कार्यशाला में पैनल डिस्कशन के जरिए बाल विवाह, जबरन विवाह को लेकर संग्राम पंचायत के मुखिया अभिषेक सरदार ने कहा कि हमारे पंचायत में सरकार द्वारा बाल संरक्षण भवन बना तो दिया गया है पर उसका कोई उपयोग नहीं किया जाता हैं। हर जगह लोगों को जागरूक करने के लिए अलग अलग मुद्दों को लेकर चौक चौराहे पर बैनर लगाते हैं पर कही भी बाल विवाह को लेकर सरकार कोई भी बैनर नहीं लगाती हैं। बाल विवाह को लेकर पंचायत में पंजीकृत करवाना अनिवार्य हैं लिखा है पर जिला में कोई डेटा नहीं मांगा जाता। हमें स्कूल में किशोर एवम किशोरी दोनों को बाल विवाह को लेकर जागरूक करना चाहिए। सानग्राम पंचायत में महिला संरक्षण समिति बनाए है ताकि महिलाओं की समस्या पंचायत तक पहुंच सके। वकील प्रीति मुर्मू ने कहा कि सरकार कानून तो बना देती हैं पर उसका इंप्लीमेंट नहीं करती हैं। बाल विवाह को रोकना हैं तो कोर्ट को इस शादी को नॉन वैलिड डिक्लेयर करना चाहिए और परिवार वालों को सजा और जुर्माना लगना चाहिए, जो बाल विवाह अधिनियम में लिखा है। पॉक्सो एक्ट के जरिए किशोरियां तो सुरक्षित हो जाती हैं पर लड़के फंस जाते हैं सरकार को ऐसा एक्ट बनाना चाहिए जिसमें दोनों सुरक्षित हो पाए।समाजसेवी अंजलि बोस ने कहा कि माता पिता को जब बाल विवाह मत कराइए बोलते हैं तो वो बोलते हैं कि लड़की अपने पसंद से चली गई तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, पर किशोरी को कम उम्र में शादी करा दिया गया और वो गर्भवती हो गई, तब दोनों की जान को खतरा होता हैं। तब इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। पंचायत प्रतिनिधि घरेलू हिंसा को रोकने का प्रयास करें। चाइल्ड लाइन की सदस्य उषा गुप्ता ने कहा कि हम लोग किशोरियों का बाल विवाह तो रोक देते हैं उसके बाद उनकी शिक्षा को लेकर बहुत बड़ी समस्या हो जाती है, ङ्क्रश स्कूल में नामांकन बहुत मुश्किल से हो पाता हैं। किशोरियों की शिक्षा के लिए अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। हमें किशोर एवम किशोरी दोनो को ही पॉक्सो एक्ट एवम बाल विवाह को लेकर जागरूक करना चाहिए। युवा की सचिव वर्णाली ने चर्चा को समेटते हुए कहा कि हमें किशोरियों को बोलने के लिए सुरक्षित माहौल और स्थान देना होगा ताकि वो खुल कर अपनी बातों तो रख सके, हम सभी को सरकारी संस्था और गैर सरकार संस्थाएं दोनों को मिलकर काम करना होगा और ज्यादा से ज्यादा सक्सेस स्टोरी और रोल मॉडल के जरिए किशोरियों को लक्ष्य बनाने में सहयोग करना होगा। इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए युवा की कार्यकर्ता रिला सरदार, अबंती सरदार और चंद्रकला मुंडा ने सहयोग किया।

कल्याण ज्वेलर्स ने 4-लेवल एशयोरेंस सर्टिफिकेट किया पेश

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर/रांची। भारत के प्रसिद्ध ज्वैलरी ब्रांड कल्याण ज्वैलर्स ने टेम्पल ज्वेलरी कलेक्शन की घोषणा के साथ ही अपना 4-लेवल एशयोरेंस सर्टिफिकेट पेश किया है, जो एक ग्राहक-केंद्रित पहल है। यह अपने ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम मूल्य, गुणवत्ता और सेवा की गा-रंटी देता है। 4-लेवल एशयोरेंस प्लान में एक सर्टिफिकेट शामिल है जो एक्सचेंज या रीसेल के दौरान इनवॉइस में उल्लिखित शुद्धता के मूल्य पर भुगतान का वादा करता है। कल्याण ज्वेलर्स भारत में अपने किसी भी शोरूम में खरीदे गए गहनों का मुफ्त आजीवन रखरखाव भी प्रदान करता है। अपने आभूषणों की अच्छी तरह से देखभाल से इनके मालिकों के मन में आश्वस्ति रहती है। टेम्पल ज्वेलरी में गुणवत्ता, शिल्प कौशल और ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता कल्याण ज्वेलर्स के हर पीस में साफ झलकती है। सोने, हीरे और रत्नों में पारंपरिक और समकालीन आभूषण डिजाइनों की विस्तृत रेंज हर ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करती है। 4-लेवल एशयोरेंस प्लान के साथ, कल्याण ज्वेलर्स सर्वोत्तम मूल्य, गुणवत्ता और सेवा प्रदान करने का वादा करता है। यह सुनिश्चित होता है कि उनके ग्राहक आने वाले कई वर्षों तक अपनी टेम्पल ज्वेलरी का आनंद ले सकें। मालूम हो कि कल्याण ज्वैलर्स निष्पक्ष और पारदर्शी तर-ीके से व्यवसाय करता है, जैसा कि प्रोडक्ट इंफोर्मेशन सैक्शन के 4-लेवल एशयोरेंस प्लान से स्पष्ट होता है। ब्रांड उत्पाद के कुल वजन से अन्य सामग्रियों जैसे लाख, रत्न, कांच, लकड़ी, तामचीनी आदि के वजन को घटाने के बाद उपयोग किए गए सोने के कुल मूल्य पर ग्राहक की सोने की दर को ही चार्ज किया जाता है। यह प्लान गहनों के आदान-प्रदान और पुनर्विक्रय पर बहुत अधिक मूल्य का वादा करता है और सुनिश्चित करता है कि ग्राहक अपने लिए बेस्ट डील कर सकें।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डबवाली विधानसभा क्षेत्र के 159 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट के किए शिलान्यास व उद्घाटन

हरियाणा/चंडीगढ़,।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को डबवाली विधानसभा क्षेत्र से संबंधित 159 करोड़ 4 लाख 65 हजार रुपये से अधिक की 34 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 15 करोड़ 90 लाख 16 हजार रुपये की 9 परियोजना का उद्घाटन व 143 करोड़ 14 लाख 49 हजार रुपये की 25 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

» मुख्यमंत्री ने लगभग 16 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

मनोहर लाल ने 15 करोड़ 90 लाख 16 हजार रुपये की 9 परियोजना का उद्घाटन किया। उन्होंने गांव चोरमार खेड़ा के जोहड़वाला चौक में 80 लाख 15 हजार रुपये की लागत से गांव ओढां में नवनिर्मित कम्यूनिटी सेंटर, दो करोड़ 95 लाख 21 हजार रुपये की लागत से चोरमार खेड़ा माइनर के रिमॉडलिंग, दो करोड़ 49 लाख 73 हजार रुपये की लागत से ओढां माइनर के रिमॉडलिंग तथा एक करोड़ 14 लाख 23 हजार रुपये की लागत से गांव जगमालवाली में मिठड़ी रोड तक बने लिंक रोड का उद्घाटन किया।

साथ ही उन्होंने गांव डबवाली के जोहड़ से दो करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से बने मथ माइनर व एक करोड़ दो लाख 19 हजार रुपये की लागत से गांव देसूजोधा में बने कम्यूनिटी सेंटर का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने गांव अबूबशहर के राजकीय प्राइमरी स्कूल में एक करोड़ 70 लाख 12 हजार रुपये की लागत से गांव गोरीवाला में बने कम्यूनिटी सेंटर, एक करोड़ 7 लाख 22 हजार रुपये की लागत से गांव चौटाला में बने कम्यूनिटी सेंटर तथा एक करोड़ 73 लाख 31 हजार रुपये की लागत से गुरुसर माइनर के रिमॉडलिंग कार्य

का उद्घाटन किया।

» मुख्यमंत्री ने 143 करोड़ रुपये की 25 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 143 करोड़ 14 लाख 49 हजार रुपये की 25 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने गांव चोरमार खेड़ा के जोहड़वाला चौक में एक करोड़ 52 लाख 94 हजार रुपये की लागत से रिसालियाखेड़ा सब माइनर के रिमॉडलिंग कार्य, 13 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से खंड ओढां में 9 वॉटर कोर्स के रिमॉडलिंग / रिहैबिलिटेशन कार्य, चार करोड़ 83 लाख 35 हजार रुपये की लागत से गांव रत्ताखेड़ा में कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय के भवन व होस्टल के निर्माण कार्य, एक करोड़ 71 लाख 55 हजार रुपये की लागत से गांव पाना में अनाज मंडी, एक करोड़ 70 लाख 75 हजार रुपये की लागत से गांव ओढां से नुहियांवाली तक सड़क को चौड़ा करने के कार्य, एक करोड़ 93 लाख 53 हजार रुपये की लागत से गांव मलिकपुरा से जंडवाला जटान रोड से रुपाणा बिश्रोईयां लिंक रोड कार्य तथा एक करोड़ 82 लाख 31 हजार रुपये की लागत से गांव मिठड़ी से खुइयां मलकाना तक लिंक रोड़ के कार्य का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने गांव डबवाली के जोहड़ से 31 लाख 30 हजार रुपये की लागत से मसीतांवाली माइनर के रिमॉडलिंग कार्य, 43 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से खंड डबवाली में 26 वॉटर कोर्स के रिमॉडलिंग / रिहैबिलिटेशन कार्य, पांच करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से गांव चद्दां में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के भवन व होस्टल के निर्माण कार्य, 22 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से मंडी डबवाली में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के नए भवन के निर्माण, एक करोड़ 2 लाख 62 हजार रुपये की लागत से पन्नीवाला रुलदू से पाना-खोखर रोड़ के निर्माण कार्य, दो करोड़ 61 लाख 41 हजार रुपये की लागत से गांव खुइयां मलकाना से मसीतां-ऐलनाबाद रोड के निर्माण कार्य, तीन करोड़ 41 हजार रुपये की लागत से गांव शेरगढ़ से लोहगढ तक सड़क को चौड़ा करने (12 से 18 फीट) के कार्य, एक करोड़ 68 लाख 34 हजार रुपये की लागत से गांव नौरंग से असीर तक लिंक रोड के निर्माण कार्य व 25 करोड़ रुपये की लागत से डबवाली विधानसभा क्षेत्र में 12 कार्य (विशेष मुरम्मत) का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने गांव अबूबशहर के राजकीय प्राइमरी स्कूल में तीन करोड़ 36 लाख 52 हजार रुपये की लागत से आसाखेड़ा माइनर के रिमॉडलिंग कार्य, एक करोड़ 9 लाख 12 हजार रुपये की लागत से भारू खेड़ा माइनर के रिमॉडलिंग कार्य, एक करोड़ 87 लाख 90 हजार रुपये की लागत से सुकेरा खेड़ा से आसाखेड़ा तक सड़क निर्माण कार्य, एक करोड़ 34 लाख एक हजार रुपये की लागत से चौटाला वाया सलिवाला रोड़ से पुराना मल्लारखेड़ा सड़क के निर्माण कार्य, एक करोड़ 27 लाख 2 हजार रुपये की लागत से अबूबशहर गुरुद्वारा नजदीक पुल से सुकेरा खेड़ा तक सड़क निर्माण, 92 लाख 17 हजार रुपये की लागत से गांव आसाखेड़ा से तेजाखेड़ा सड़क निर्माण, 80 लाख 77 हजार रुपये की लागत से गांव सुकेरा खेड़ा से अबूबशहर तक सड़क निर्माण व एक करोड़ 6 लाख 47 हजार रुपये की लागत से गांव जंडवाला बिश्नोईयां से साबुआना से राजस्थान बॉर्डर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन श्री आदित्य देवीलाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर और मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री जवाहर यादव सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष लतिका शर्मा ने मां शमलासन दरबार समलोठा में माता रानी का आशीर्वाद लिया

हरियाणा/चंडीगढ़,। पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष लतिका शर्मा ने मां शमलासन दरबार समलोठा में माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया और वहां सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर के यहां की प्रमुख समस्याओं को बारे में चर्चा की इस मौके पर उनके साथ मोरनी मंडल युवा मोर्चा महामंत्री व मंदिर पुजारी बिंटू शर्मा कुदाना जी और हमारे बीलए 2 राजेंद्र शर्मा, पूर्व सरपंच मामचंद मोरनी व टेकचंद शर्मा साथ में रहे। यहां शिमला से कुछ भक्तों के द्वारा महामाई के प्रांगण में जागरण का आयोजन किया गया था, वहां पर भी मत्था टेका मां के चरणों में शीश नवाया।

जवाहर नवोदय विद्यालय मौली की अरशिया चौधरी ,गौरव और सिमरण ने किया टॉप

हरियाणा/चंडीगढ़, । हर वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय मौली जिला पंचकुला की कक्षा 12 वीं एवं 10वीं की सीबीएसई बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है।

इस वर्ष कक्षा 12 वीं में 77 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी विद्यार्थी उतीर्ण रहे, विषय औसत 74.25 प्रतिशत रही। विज्ञान संकाय में मास्टर गौरव 474/500 अंक (94.8 प्रतिशत) लेकर प्रथम स्थान पर रहे, मास्टर गौरव द्वारा कम्प्यूटर विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किए गए। मास्टर शुभम ठाकुर 466/500 अंक (93.27 प्रतिशत) लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में अरशिया चौधरी 461/500 अंक (92.2 प्रतिशत) लेकर प्रथम स्थान पर रही तथा कुमारी खूशबू एवं कुमारी सिमरन 440/500 अंक (88 प्रतिशत) लेकर सयुंक्त रूप से द्वितिय स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा 10 में 75 विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई और सभी विद्यार्थी उतीर्ण रहे, विद्यार्थियों की विषयवार औसत 77.28 रहा है। सिमरन कौर 477/500 अंक (95.4 प्रतिशत) अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही तथा कुमारी कोमल द्वारा 462/500 अंक (92.4 प्रतिशत) अंक लेकर द्वितिय स्थान पर रही। इस अवसर पर श्री रूप चंद प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सेक्टर 14 के राजकीय महाविद्यालय के सभागार में वीर राजा नाहर सिंह पर किया गया नाटक मंच

हरियाणा/चंडीगढ़,।

आजादी के अमृत महोत्सव* के उपलक्ष्य में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा और संस्कार भारती के संयुक्त तत्वाधान मे आज सेक्टर 14 के राजकीय महाविद्यालय के सभागार में वीर राजा नाहर सिंह पर नाटक मंचन किया गया।

इस अवसर पर पब्लिसिटी मीडिया एडवाइजर श्री तरुण भंडारी ने मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के रूप सेक्टर 1 कॉलेज की प्रिंसिपल बबिता वर्मा ने शिरकत की।

श्री भन्डारी ने बताया की 1857 के भारतीय विद्रोह को स्वतंत्रता के लिए भारतीय लड़ाई में अग्रणी मील का पत्थर और वास्तविक शुरुआत के रूप में देखा जाता है उन्होने बताया की 1857 में भारत के कई राज्यों में कई विद्रोह हुए और इनमें से एक विद्रोह था बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह का जिन्होंने वास्तव में अंग्रेजों को सोचने और कड़े कदम उठाने पर मजबूर कर दिया था।

उन्होने बताया कि यह नाटक राजा नाहर सिंह के जीवन उदय और हरियाणा राज्य का भारतीय स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्व को दर्शाता है। हालांकि 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान भारत के सभी राज्यों में सांप्रदायिक संबंध बहुत संतुलित नहीं थे, परंतु राजा नाहर सिंह और उनकी छोटी सी सेना ने अकेले ही ब्रिटिश शासन को जड़ से उखाड़ने का निश्चय कर लिया था ।

उन्होने बताया कि नाटक में एक नाटक से जुड़े सभी आवश्यक तत्व जैसे की कहानी, प्रकाश, संगीत, नृत्य, वेशभूषा और संवाद के साथ-साथ हरियाणवी लोकगीतों और स्क्रीन पर शक्तिशाली एवं स्टिक प्रस्तुतियों के उपयोग से नाटक अधिक आकर्षक और प्रभावशाली प्रतीत होता है। यह नाटक हमें बहुत हद तक वास्तविकता के साथ जोड़ता है और उस समय वापस ले जाता है जब 1820 के दशक में बल्लभगढ़ के लोग अंग्रेजों के अधीन थे और राजा नाहर सिंह के ऐतिहासिक विद्रोह का आगाज हुआ। इस विद्रोह में घबराकर ब्रिटिश राज्य के राजा नाहर सिंह के विद्रोह को दबाने और उन्हें खत्म करने के लिए ब्रिटिश ऑफिसर जनरल शोर्स और रेजिडेंट मैटोकोफ को नियुक्त किया था और उन्होंने अंत राजा नाहर सिंह को खत्म करने की योजना बनाई । इन दोनों ब्रिटिश नेताओं ने राजा नाहर सिंह को पलवल के खजाने की डकैती के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और उन पर मुकदमा चलाया और अंत में विद्रोहियों को धन एवं सामग्री के साथ मदद करने और अंग्रेजो के खिलाफ युद्ध की साजिश और हाथियों के गैरकानूनी अधिग्रहण करने के अपराध में दोषी करार कर दिया तथा अंत में राजा नाहर सिंह को 9 जनवरी 1858 को दिल्ली के कोटली चंडी चौक पर फांसी पर लटका दिया गया ।

श्री भंडारी ने बताया कि यह पूरा नाटक नाहर सिंह के जीवन पर एक वास्तविक चित्रण है जोकि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की एक महत्वपूर्ण गाथा को भारतीय दर्शकों के सामने मनोरंजन के रूप में रखता है, जिसका मूल उद्देश्य नाहर सिंह की वीरता और उनके स्वतंत्र भारत के सपने को जीवंत करना है। इस अवसर पर कला और साहित्य अधिकारी रेनू हुडा, तान्या चौहान, डॉक्टर दीपिका रानी, सुमन दांगी सहित गणमान्य मौजूद थे

जिला पंचकुला में अब दिलबाग नैन सम्भालेंगे जजपा की कमान

पंचकुला में दिलबाग नैन का हुआ भव्य स्वागत व कार्यकर्ता मिलन समारोह

हरियाणा/चंडीगढ़,।

जननायक जनता ने रविवार को पंचकुला सेक्टर 1 स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में नवनियुक्त ज़िलाध्यक्ष दिलबाग सिंह नैन का भव्य स्वागत व कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित हुआ जिसमें जजपा प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह मुख्यतिथि रहे व राष्ट्रीय सचिव अशोक शेरवाल विशेष अतिथि रहे ।कार्यक्रम में पूर्व ग्रामीण ज़िलाध्यक्ष भाग सिंह दमदमा व पूर्व शहरी ज़िलाध्यक्ष ओपी सिहाग ने पहुँच कर अपने कार्यकाल में जजपा पंचकुला द्वारा किए गये कार्यों पर प्रकाश डाला व दिलबाग नैन को नयी ज़िम्मेदारी की शुभकामनाएँ दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा ज़िलाध्यक्ष दीपक मोगिनन्द ने व मंच संचालन इनसो ज़िलाध्यक्ष विकास मलिक ने किया । कार्यक्रम में शहरी हल्का अध्यक्ष अजय गौतम ने सभी को एकजुट होकर जनसंपर्क अभियान चलाने का आ''ान किया । जजपा के चारों पार्षद सुशील गर्ग,राजेश निषाद,मयंक लांबा व अरविंद जाखड़ ने भी दिलबाग नैन को बुके देकर बधाई दी व कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने का भरोसा दिलाया ।

नवनियुक्त ज़िलाध्यक्ष दिलबाग नैन ने पार्टी हाइकमान का धन्यवाद करते हुए बताया कि ज़िला पंचकूला की दोनों विधानसभाओं के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को आगे बढ़ाएंगे और जल्द ग्रामीण व ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे व मेहनती साथियों को नयी कार्यकारिणी में मौक़ा दिया जाएगा व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के माध्यम से तमाम इलाकवासियो के काम करवाने का प्रयास किया जाएगा । उन्होंने आये हुए तमाम लोगो को विश्वास दिलाया की वह हर सुख दुख में आधी रात को भी सदैव उनके साथ खड़े है ।

अब हरियाणा के दफ्तरों में कर्मचारी पी सकेंगे शराब, ऑफिस में ही बनेगा बार

हरियाणा/चंडीगढ़,:। हरियाणा की मनोहर लाल खट्टर सरकार प्रदेश में नई आबकारी नीति के साथ आ रही है। इसके तहत अब दफ्तरों में कर्मचारी शराब पी सकेंगे। ऑफिस ही अब बार बनेगा। 12 जून से राज्य भर में स्थित बड़े कॉर्पोरेट कार्यालयों में कम मात्रा वाले अल्कोहल पेय जैसे बीयर, वाइन और पीने के लिए तैयार पेय पदार्थ परोसना संभव होगा।

9 मई को हरियाणा मंत्रिपरिषद ने 2023-24 आबकारी नीति लागू की है। इसमें कम से कम 5,000 कर्मचारियों वाले एक कॉर्पोरेट कार्यालय में बीयर, शराब और पीने के लिए तैयार पेय पदार्थों की अनुमति होगी। हरियाणा सरकार की नई शराब नीति के अनुसार, एक कॉर्पोरेट कार्यालय के परिसर में कम मात्रा वाले अल्कोहल पेय पदार्थों की खपत के लिए एक लाइसेंस (L-10F) प्रदान किया जाएगा यदि कार्यालय के एक परिसर में एक लाख वर्ग फुट का न्यूनतम कवर क्षेत्र है। L-10F लाइसेंस कॉर्पोरेट कार्यालय के लिए दिया जाएगा, यदि कैंटीन या भोजनालय का न्यूनतम क्षेत्रफल 2,000 वर्ग फुट या इससे ज्यादा है। नीति के मुताबिक, ''लाइसेंस देने की प्रक्रिया बार लाइसेंसों के लिए लागू होगी। एल-10एफ लाइसेंस एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर द्वारा निर्दिष्ट नियमों और शर्तों पर 10 लाख रुपये के वार्षिक निश्चित शुल्क के भुगतान पर दिया जाएगा।'' इसके लिए लाइसेंस शुल्क के अलावा तीन लाख रुपये की सिक्योरिटी भी देनी होगी।

करनाल एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बाइक चोरी के मामले में रू 50 हजार रिश्वत लेते पंचकूला में 2 पुलिसकर्मियों को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

हरियाणा/चंडीगढ़,। करनाल एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बाइक चोरी के मामले में रू 50 हजार रिश्वत लेते पंचकूला में 2 पुलिसकर्मियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पुलिस कर्मियों में एक ए एस आई नीरज कुमार और हेड कांस्टेबल दर्शन सिंह शामिल।

दोनों की पोस्टिंग पंचकूला के सेक्टर 15 स्थित पुलिस चौकी में थी।इस मामले में अंबाला के एक रकके खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने ली जा रही रिश्वत की रकम रू 50 हजार भी रिकवर कर लिए हैं।

आज दोनों पुलिसकर्मियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा।करनाल विजिलेंस की टीम ने इंस्पेक्टर चरण सिंह की अगुवाई में पंचकूला में छापा मारकर इन दोनों पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया।

प्राचार्य पद पर पदोन्नत कर्मियों के यूटीआ-ईटी कार्ड मुहैया करवाने के निर्देश

हरियाणा/चंडीगढ़, । उच्चतर शिक्षा निदेशक ने दिव्यांग कोटे के तहत प्राध्यापक से प्राचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु दिव्यांग कर्मियों के यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारी, मौलिक शिक्षा अधिकारी व डाइटस प्राचार्य को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं कि दिव्यांग प्राध्यापकों की वरिष्ठता सूची 8 मई को जारी कर दी गई थी.प्रहलाद। इनमें 91 दिव्यांग प्राध्यापकों द्वारा अपने यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध नहीं करवाएं हैं। इसलिए प्राध्यापकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए यूडीआईडी कार्य अनिवार्य है।

सभी जिला शिक्षा अधिकारी संबंधित 91 दिव्यांग प्राध्यापकों काके सूचित करें कि 17 मई तक ई-मेल या विशेष संदेश के जरिये यूडीआईडी कार्ड निदेशालय में भिजवाए जाएं। निर्धारित अवधि तक यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध नहीं करवाने वाले दिव्यांग कोटे के तहत प्राध्यापकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के उपलक्ष्य में 1 मई से 21 जून तक सभी व्यायामशालाओं में नियमित रूप से योग शिविरों का किया जा रहा आयोजनः जयदीप आर्य

हरियाणा/चंडीगढ़, ।

हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य एवं रजिस्ट्रार डॉ हरीश चंद्र ने जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ दिलीप मिश्रा के साथ पंचकूला से 30 किलोमीटर दूर स्थित भावली गाँव की योग व्यायामशाला में निरीक्षण किया। योग व्यायामशाला में प्रतिदिन प्रातः एवं सांयकाल योगाभ्यास करवाया जाता है, इस सत्र के दौरान योगाभ्यास करने वाले साधकों में महिलाओं की संख्या अधिक रही।

डॉ जयदीप आर्य ने योगाभ्यास भी करवाया और सभी को योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने योग सत्र लेते हुए बताया कि योग जीवन का वह आधार है जिसे अपनाने से व्यक्ति का व्यक्तित्व शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध हो जाता है। साथ ही उन्होंने योग व्यायामशाला में औषधीय

पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया और कहा की पौधरोपण करते समय इनका नाम महर्षि पतंजलि के नाम पर पतंजलि औषधीय उद्यान रखा जाए ।

हरियाणा योग आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के उपलक्ष्य में 50 दिन पूर्व के कार्यक्रम 1 मई 2023 से 21 जून 2023 तक राज्य की सभी व्यायामशालाओं में नियमित रूप से किये जाने निर्धारित किये गए हैं। जिले के अंतर्गत आने वाली चार सबसे अच्छी योग व्यायामशालाओं में 1 मई, 2023 से 21 जून 2023 के मध्य हरियाणा योग आयोग द्वारा निर्धारित सूचि एवं तिथि अनुसार दो दिन के जिलावार चार सत्रों प्रातःकाल एवं सांयकाल योग शिविर का आयोजन करवाया जाना निर्धारित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक जिले की प्रत्येक व्यायामशाला में यह कार्यक्रम नियमित रूप से चल रहा है।

साथ ही यह कार्यक्रम हरियाणा योग आयोग के फेसबुक पेज पर लाइव किया जाता है।

योग व्यायामशालाओं में प्रतिदिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा है।

इस सत्र में डॉ राजीव शर्मा, आयुष विभाग, उमेश नारंग, कोषाध्यक्ष,हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, शमिता, मनीषा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 20 के टॉपर्स बच्चे पहुंचे अपने स्कूल : शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 20 के टॉपर्स बच्चों ने विद्यालय में आकर अपने अध्यापकों से लिया आशीर्वाद । विद्यालय के प्राचार्य डॉ राजवीर सिंह ने बताया कि कल घोषित हुए सीबीएसई के 10वीं और 12वीं के परिणामों में जिन बच्चों ने विद्यालय में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया वह सभी आज विद्यालय पहुंचे । विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन के द्वारा उनका स्वागत किया गया उनका मुंह मीठा करवाया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की गई । प्राचार्य डॉ राजवीर सिंह ने बच्चों का मुंह मीठा करवाया तथा उन्हें उनके परिणाम के लिए बधाई दी । अध्यापकों ने भी बच्चों की मेहनत को सराहा । अध्यापकों के द्वारा दिए गए आशीर्वाद से बच्चे बहुत खुश नजर आए और उन्होंने आगे भविष्य में भी और बेहतर परिणाम लाने का वादा किया।

अमेरिका सितंबर तक नष्ट कर देगा अपने केमिकल हथियार:रूस के दबाव में राष्ट्रपति बाइडेन ने की घोषणा, चीन के पास जापान के रासायनिक हथियार

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घोषणा की है कि वो सितंबर 2023 तक अपने सारे केमिकल हथियारों को नष्ट कर देंगे। दरअसल, पिछले महीने ही रूस और चीन ने एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी कर अमेरिका पर केमिकल हथियारों को नष्ट करने का दबाव बनाया था। बयान में कहा गया था कि अमेरिका अकेला केमिकल वेपन कन्वेंशन का सदस्य है जिसने अपने रासायनिक हथियारों को खत्म नहीं किया है।

व्हाइट हाउस ने कहा कि अगले हफ्ते अमेरिका और उहउ के सदस्य एक कॉन्फ्रेंस के लिए इकट्ठा होंगे। इसमें दुनिया को केमिकल हथियारों से मुक्ति दिलाने पर चर्चा की जाएगी। हम दुनिया को उदाहरण के जरिए लीड कर रहे हैं। अमेरिका हमेशा इस तरह के खतरनाक हथियारों को इकट्ठा करने का विरोध करता रहेगा। हमें दूसरे देशों को भी उहउ के साथ काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

रूस का कहना है कि उसने 2017 में ही अपने सारे केमिकल हथियार नष्ट कर दिए थे। हालांकि, यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद अमेरिका और ब्रिटेन ने आशंका जताई थी कि रूस-यूक्रेन के खिलाफ केमिकल वेपन यानी केमिकल हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। वहीं, रूस ने इसके पहले अमेरिका पर यूक्रेन में केमिकल और बॉयोलॉजिकल हथियार बनाने का आरोप लगाया था। चीन का कहना है कि उसने कभी भी केमिकल हथियार नहीं बनाए। हालांकि, उसके पास सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान जापान ने चीन में केमिकल हथियारों को बड़ा जखीरा छोड़ा था। जिन्हें अब नष्ट करने की बात कही जा रही है।

ऑर्गेनाइजेशन फॉर द प्रोहिबिशन ऑफ केमिकल वेपंस यानी डढउह के मुताबिक, केमिकल हथियार ऐसे हथियार होते हैं, जिनमें जहरीले केमिकल का इस्तेमाल जानबूझकर लोगों को मारने या नुकसान पहुंचाने के लिए होता है।

ऐसे सैन्य उपकरण जो खतरनाक केमिकल को हथियार बना सकते हैं, उन्हें भी केमिकल हथियार या रासायनिक हथियार माना जा सकता है।

केमिकल हथियार इतने घातक होते हैं कि ये पल भर में हजारों लोगों को मौत की नींद सुला सकते हैं और साथ ही उन्हें अलग-अलग बीमारियों के प्रभाव से तिल-तिल कर मरने को मजबूर कर सकते हैं।

केमिकल हथियार बायोलॉजिकल हथियार से अलग होते हैं। बायोलॉजिकल हथियार में बैक्टीरिया और वायरस के जरिए लोगों को मारा या बीमार किया जाता है। केमिकल हथियार सामूहिक विनाश के हथियारों की कैटेगरी में आते हैं।

पहले विश्व युद्ध के बाद से दो खाड़ी युद्धों (इराक-ईरान युद्धों) सहित, कम से कम 12 लड़ाईयों में केमिकल हथियारों का इस्तेमाल हो चुका है।

इराकी सेना ने 1980 के दशक में पहले खाड़ी युद्ध के दौरान ईरान के खिलाफ केमिकल हथियार का इस्तेमाल किया था, जिससे कम से कम 50 हजार ईरानी मारे गए थे। तानाशाह सद्दाम हुसैन के निर्देश पर 1988 में इराकी सेना ने अपने ही देश के कुर्दों के खिलाफ घातक मस्टर्ड और नर्व एजेंट केमिकल गैसों का इस्तेमाल किया था। करीब एक लाख कुर्दों को मौत के घाट उतार दिया था। 2013-17 के दौरान सीरिया के गृह युद्ध में राष्ट्रपति बशर अल असद ने कथित तौर पर रूस की मदद से कई बार अपने देश के विद्रोहियों के खिलाफ केमिकल हथियारों का इस्तेमाल किया है।

जापान में आतंकियों ने 90 के दशक में सरीन गैस से केमिकल हमला किया था, जिससे 1994 में 7 और 1995 में टोक्यो मेट्रो में इसके हमले से 12 लोगों की मौत हो गई थी।

यूएन के मुताबिक, सोवियत संघ-अमेरिका के बीच कोल्ड वॉर के दौरान कम से कम 25 देशों ने केमिकल हथियार बनाने और इकट्ठा करने का काम किया, हालांकि पहले विश्व युद्ध के बाद इनका काफी कम इस्तेमाल हुआ है।

मार्ग-दर्शन

परोपकार की अनूठी मिसाल पेश की गंगाधर शास्त्री ने

मिथिला में गंगाधर शास्त्री नामक पंडित एक विद्यालय में अध्यापन कार्य करते थे। शास्त्रीजी अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा से करते थे। उन्होंने अपने एकमात्र पुत्र गोविंद को भी यही शिक्षा दी थी। गोविंद भी उसी विद्यालय में अध्ययनरत था। अपने पिता के ही समान वह भी अत्यंत शिष्ट, अनुशासित और अपना कार्य पूर्ण मनोयोग से करने वाला था। उसके शिक्षक और सहपाठी उसके इन्हीं गुणों के कारण उससे बहुत स्नेह करते थे। एक दिन शास्त्रीजी के साथ गोविंद विद्यालय नहीं आया। उसके मित्रों को उसकी अनुपस्थिति बहुत खली। जब शास्त्रीजी विद्यालय बंद कर जाने लगे, तो बच्चों ने गोविंद के न आने का कारण पूछा। शास्त्रीजी भारी मन से बोले – 'बच्चो! अब वह कभी नहीं आएगा। उसे अचानक दिल का दौरा पड़ा और वह हमें छोड़कर चला गया।' बच्चे स्तब्ध रह गए। उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। उन्हें हैरानी भी हुई कि इतने दर्दनाक हादसे के बावजूद शास्त्रीजी पढ़ाने कैसे आ सके? उन्होंने शास्त्रीजी से जब इस विषय में पूछा, तो वे बोले – 'मेरे दो परिवार हैं। उस परिवार के बालक का बिछुड़ना असहनीय अवश्य है, किंतु उसके कारण इस परिवार के बालकों का हक मारता, तो दुख और बढ़ जाता। गोविंद के लिए जो कर सकता था, पूर्ण मनोयोग से किया, अब तुम्हारे लिए जो कर सकता हूं, उसे क्यों न करता?' बच्चे अपने गुरु की इस विशाल हृदयता को देख श्रद्धावनत हो गए। कथा का सार यह है कि परोपकार जहां हमें परम संतुष्ट और शांत रखता है, वहीं लोक में आदरणीय भी बनाता है।

जीने की राह

परमात्मा को समर्पित भक्तों की आज कमी होती जा रही है

पिछले दिनों संन्यास परंपरा के शीर्ष संत से भेंट हुई। उन्होंने तीन बातें बड़ी गंभीरता से कहीं – पहली तो यह कि लोगों का धार्मिक रुझान बढ़ा है और गृहस्थी में साधुवृत्ति से रहने वाले लोग दिखने लगे हैं। दूसरी बात उनकी यह थी कि अखाड़ों में, आश्रमों में रहने वाले साधुओं की संख्या बढ़ती जा रही है और तीसरी बात में उन्होंने यह चिंता व्यक्त की कि संत परंपरा के लिए अच्छे उत्तराधिकारी मिलना मुश्किल हो गए हैं। लोगों ने आवरण ओढ़ लिया, लेकिन आचरण नहीं बना पाए। अग्नि है, पर तपिश नहीं है। वस्त्र हैं, लेकिन व्यवहार में संन्यास नहीं है। अब तो संतों द्वारा जो समाजसेवा के काम किए जा रहे हैं, वे भी प्रतिष्ठा और प्रदर्शन के आयोजन बन गए हैं। उनकी तीसरी चिंता पूरे समाज की चिंता बनेगी। यदि संत परंपरा में अच्छे उत्तराधिकारी नहीं मिले, तब आगे क्या होगा? पारिवारिक लोग संतों के भरोसे अपने जीवन का एक बड़ा महत्वपूर्ण हिस्सा बिताते रहे हैं। लिहाजा अब उत्तराधिकारी बनाने के लिए भी अभ्यास, प्रशिक्षण व समर्पण की व्यवस्था बनानी होगी। अनुयायी और उत्तराधिकारी अपने पूज्य से बाहरी रूप से जुड़ जाते हैं। एक नई शक्ति उनके भीतर आनी चाहिए और उससे उनके व्यक्तित्व में फैलाव होना चाहिए। जहां समर्पण होना चाहिए, वहां सौदे शुरू हो जाते हैं। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि गद्दी पर बैठे लोगों ने अपने अनुयायियों को अपने से तो जोड़ा, लेकिन परमात्मा से जोड़ने में चूक गए। आदमी यदि परमात्मा को समर्पित हो जाए तो वह गद्दी पर रहे या न रहे, पर आचरण से सदा भक्त रहे। ऐसे ही भक्तों की आज कमी होती जा रही है।

मजबूत पाकिस्तान में ही भारत की भलाई !

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद बवाल मचते ही हमारे यहां का 'अमन की आशा' ब्रिगेड 'मजबूत पाकिस्तान ही भारत के हित में' वाला दशकों पुराना राग अलापने लगा है। इस ब्रिगेड की मुख्य दलील ये है कि पाकिस्तान की सरकार और वहां की आर्मी कमजोर हुई तो नॉन-स्टेट ऐक्टर्स, साफ-सुथरी भाषा में कहें तो आतंकवादियों को भारत के खिलाफ मंसूबों को अंजाम देने की खुली छूट मिल जाएगी। मानो पाकिस्तान की सरकार और वहां की आर्मी का क्रॉस बॉर्डर टेररिजम से कोई लेना-देना नहीं है। 'भारत की हिफाजत, मजबूत पाकिस्तान में' के सिद्धांतकारों की मानें तब तो यह कहना होगा कि भारत को नुकसान पहुंचाने की मंशा रखने वाले आतंकियों को पाकिस्तान चुन-चुनकर मारता रहता है, इस कारण हमारे यहां हर दिन बम विस्फोट नहीं होते हैं।

उनके मुताबिक, 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद भारत के बाजारों, मंदिरों, भीड़-भाड़ वाली अन्य जगहों पर बम धमाके, सीरियल ब्लास्ट्स नहीं हो रहे हैं तो यह पाकिस्तान और वहां की आर्मी की आतंकियों पर की गई कड़ाई का नतीजा है, इसमें भारत का कोई पुरुषार्थ नहीं। यह ब्रिगेड अगर ये पूछ बैठे कि पाकिस्तान हमारा इतना बड़ा ही दुश्मन है तो 76 वर्षों में दुनिया के नक्शे से भारत का नामों-निशान क्यों नहीं मिटा, तो हैरत की बात नहीं होगी। ये तो पूछते ही हैं कि आक्रांता मुसलमान और मुगल बादशाह उदार नहीं होते तो भारत में एक भी हिंदू कैसे बच जाता? इसी तर्ज पर ये कह सकते हैं कि अगर मुसलमानों का अलग देश बन जाने के बाद भी भारत बचा है तो यह पाकिस्तान की दरियादिली का बड़ा प्रमाण है।

कूट-कूटकर कायरता भरे दिमाग की उपज तो देखिए

'अमन की आशा' ब्रिगेड का तर्क है कि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न देश है, इसलिए खतरा बड़ा है। अगर परमाणु हथियार आतंकियों के हाथ लग गए तो उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। सोचिए, यह दलील जिसके दिमाग में भी आ रही है, उसके अंदर कायरता किस हद तक कूट-कूटकर भरी होगी! क्या इनकी यह सोच है कि भारत अपनी भुजाओं के दम पर नहीं, पाकिस्तान की सरकार और वहां की आर्मी की दया पर निर्भर है? अगर पाकिस्तान के परमाणु बम से हमें डरना ही था तो फिर हमने अपने परमाणु हथियार क्यों बनाए? 1998 में अमेरिका को ठेंगा दिखाकर दूसरी बार परमाणु परीक्षण किया और बदले में प्रतिबंध मोल लिए। तो क्या ये फालतू कवायद थी? क्या तत्कालीन अटल बिहारी सरकार ने मूर्खता की थी? सोचिए, जो भारत आज से 25 वर्ष पहले अमेरिका से नहीं डरा, उसे आज के पाकिस्तान से डरना चाहिए!

'भारत की हिफाजत, मजबूत पाकिस्तान में' के सिद्धांतकारों की मानें तब तो यह कहना होगा कि भारत को नुकसान पहुंचाने की मंशा रखने वाले आतंकियों को पाकिस्तान चुन-चुनकर मारता रहता है, इस कारण हमारे यहां हर दिन बम विस्फोट नहीं होते हैं।

ध्यान रहे 25 वर्ष पहले का अमेरिका आज से ज्यादा मजबूत था और आज का पाकिस्तान अपने इतिहास का सबसे बड़ा पराभव देख रहा है। भारत इन 25 वर्षों में कहां से कहां पहुंच गया, यह बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन दलील यह कि भारत को पाकिस्तान की अंदरूनी उठापटक से डरना चाहिए।

क्या पाकिस्तानी सरकार-आर्मी आतंकियों की मददगार नहीं?

पाकिस्तान की सरकार और आर्मी की मजबूती से वहां के आतंकी बेकाबू नहीं हो पाते, इसके क्या सबूत हैं? क्या पाकिस्तान की बॉर्डर ऐक्शन टीम में आर्मी कमांडो के साथ-साथ आतंकी भी नहीं होते हैं? क्या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आर्मी के संरक्षण में आतंकी कैंप संचालित नहीं होते हैं? क्या हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकी पाकिस्तान की सरकार और वहां की आर्मी की सह के बिना फले-फूले? अगर ऐसा है तब तो भारत को एफएटीएफ में पाकिस्तान की मदद करनी चाहिए! एक दलील यह दी जाती है कि पाकिस्तान में तहरीक-ए-लब्बैक जैसे धार्मिक कट्टरपंथी संगठन हैं जो गजवा-ए-हिंद का ख्वाब देखते हैं। लब्बैक जब पाकिस्तान की सरकार का तख्तापलट नहीं कर सकता, वहां की आर्मी का सामना नहीं कर सकता तो भारत की क्या खाक बिगाड़ लेगा? एक अन्य दलील अफगानिस्तान को लेकर दी जाती है। कहा जाता है कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता आते ही पाकिस्तान में आतंकी हमले बढ़ गए। यह दलील देने वाले भूल जाते हैं कि पाकिस्तान के अंदर भी तालिबान है जिसे पाकिस्तान बैड तालिबान कहता है। क्या भारत भी गुड और बैड टेररिजम का फर्क करता है?

मजबूत पाकिस्तान के पक्ष में गजब की दलील!

एक पत्रकार ने भारत में इंटेलिजेंस के सूत्रों के हवाला देकर लेख लिखा है कि कैसे पाकिस्तान में मचे बवाल से भारत की नसें खिंचने लगी हैं। भारत की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं कि अगर पाकिस्तान की सरकार और आर्मी कमजोर हुई तो आतंकियों को भारत के खिलाफ खुलकर खेलने का मौका मिल जाएगा। उन्होंने ये सब बताते हुए कई बार सूत्रों, सूत्रों लिखा है, लेकिन वो सूत्र किस विंग से हैं, किस विभाग से हैं, कोई इशारा नहीं किया है। पूरे लेख में जो तीन नाम लिखे गए हैं, उनमें एक है- माइकल कुगलमैन का। वो वॉशिंगटन की संस्था विल्सन सेंटर में एशिया प्रोग्राम के डिप्टी डायरेक्टर और साउथ एशिया विभाग के सीनियर एसोसिएट हैं। इनके बयान को कोट करते हुए कहा गया है कि यूं तो भारत के लिए बड़ी चिंता का विषय चीन है, लेकिन अस्थिर पाकिस्तान भी भारत के लिए कम खतरनाक नहीं है। महाशय माइकल के मुताबिक तो लगता है कि मानो अब तक पाकिस्तान से भारत को कभी, किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई हो। हमें भूलना नहीं चाहिए कि अमेरिका वह देश है जो पाकिस्तान जैसे कई मोहरे पाल रखे हैं और उसे जिसकी, जब जैसी जरूरत है, उसकी वैसा इस्तेमाल करता है। निश्चित रूप से अमेरिका की ख्वाहिश होगी कि पाकिस्तान बहुत कमजोर कभी नहीं हो और चीन अपनी चालबाजी नहीं छोड़ दे ताकि भारत बेफिक्र हो जाए। बहरहाल, लेख में बाकी दो नामों में एक पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त शरद सभरवाल और दूसरा विदेश में रहने वाली पाकिस्तानी आयशा सिद्दिका का है। वो रणनीतिक मामलों की जानकार हैं। सभरवाल और सिद्दिका, दोनों ने पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ने का जिक्र किया है, भारत की परेशानी बढ़ेगी, ऐसा संकेत करने वाला एक शब्द भी नहीं कहा।

हमारे परमाणु बम दीवाली के लिए हैं क्या?

मान लिया कि पाकिस्तान के कमजोर होने से वहां के आतंकी हावी हो जाएंगे तो? क्या हम पाकिस्तान के साथ फुल फ्लेज्ड वॉर में बार-बार मात नहीं दे चुके हैं? क्या कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों पर छिपकर बैठे हथियार पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकियों से अपनी जमीन वापस नहीं ली? इन युद्धों से ज्यादा पाकिस्तान क्या कर सकता है? क्या आतंकी हमें अतीत के युद्धों से ज्यादा नुकसान पहुंचाने की हालत में होंगे? यहां दलील दी जाती है कि हां, संभव है क्योंकि वो परमाणु बम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

पहली बात तो ये कि परमाणु की धमकी तो वहां के मंत्री भी दिया करते हैं। इमरान खान सरकार के मंत्री रहे शेख रशीद के फेमस डायलॉग्स भूल गए? आतंकियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है, वो पागल हैं तो फिर पाकिस्तान के नेता और वहां की आर्मी क्या है? क्या पाकिस्तान की जो हालत है, वो पाकिस्तानी सरकार और आर्मी की वजह से नहीं?

पाकिस्तान में अस्थिरता

इस्लामाबाद हाई कोर्ट से दो हफ्ते की जमानत और 17 मई तक गिरफ्तारी से सुरक्षा पाकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भले ही थोड़े समय के लिए राहत की सांस ली हो, लेकिन इस पूरे प्रकरण ने पाकिस्तान में जिस तरह के हालात पैदा कर दिए हैं, उनसे उसका तुरंत निकलना मुश्किल दिख रहा है। बेशक, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल दखल देकर हालात को संभालने की एक कोशिश की।

गुरुवार को उसने हाईकोर्ट परिसर से हुई इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध घोषित कर दिया। अगले दिन उन्हें इस्लामाबाद हाई कोर्ट से बेल मिल गई। लेकिन इस दौरान आ रही खबरें बताती रहीं कि हालात किस कदर विस्फोटक बने हुए हैं। सरकार में शामिल पीएमएल (एन) की सीनियर वाइस प्रेजिडेंट और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम शरीफ ने न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत और खतरनाक बताया बल्कि फैसला देने वाले चीफ जस्टिस पर सीधा कॉमेंट करते हुए कहा कि बेहतर होगा वह अपने पद से इस्तीफा देकर इमरान खान की पार्टी में शामिल हो जाएं। इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार इमरान को किसी भी तरह की रियायत देने के मूड में नहीं है। वहां की सेना भी यही चाहती है। मगर देश के आम लोगों के बीच

इमरान खान की लोकप्रियता बनी हुई है।

इसी वजह से उनकी गिरफ्तारी के बाद देश के कई इलाकों में प्रदर्शन हुए, जो बेकाबू भी हो गए। ऐसे माहौल में जो संभावनाएं उभरती हैं, वे डराने वाली हैं। चूंकि तीनों में से कोई भी पक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं है, इसलिए टकराव बढ़ने की आशंका है। न्यायपालिका के दोफाड़ होने की बात पहले से कही जा रही है। मौजूदा चीफ जस्टिस पर मरियम शरीफ की टिप्पणी ने एक तरह से उसकी पुष्टि कर दी। अगर सेना भी इमरान खान के पक्ष और विरोध वाले दो गुटों में बंट गई तो क्या होगा? यह कोई दूर की कौड़ी नहीं है। पाकिस्तान की सेना में पंजाब प्रांत के लोग अच्छी संख्या में हैं। इमरान की गिरफ्तारी के बाद पंजाब प्रांत में जिस तरह से लोग सेना मुख्यालय में घुस गए, वह कोई छोटी बात नहीं है। ऐसी घटनाएं पाकिस्तान में पहले नहीं देखी गईं। इससे जहां पाकिस्तान के लोगों के मन में सेना की इज्जत कम होने के संकेत मिलते हैं वहीं, यह सवाल भी उठता है कि क्या सेना के भी एक हिस्से की मिलीभगत के बगैर ऐसी घटनाएं हो सकती थीं।

कुछ सैन्य अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई इस संदेह को बल प्रदान करती है। ऐसे में बड़ा डर यह है कि कहीं पाकिस्तान में गृहयुद्ध के हालात न बन जाएं। कहने की जरूरत नहीं कि इस परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देश का ऐसी किसी स्थिति में फंसना भारत के लिए भी गंभीर चिंता की बात होगी।

सर्वोच्च अदालत की ताक़त इधर हिंदुस्तान में, उधर पाकिस्तान में

देर से ही सही, लेकिन न्याय मिलता ज़रूर है। गुरुवार को हिंदुस्तान और पाकिस्तान दोनों देशों में अदालतों ने न्याय किया। पहले हिंदुस्तान की बात। दिल्ली वाले केजरीवाल वर्षों से चिल्ला रहे हैं – हमारी सरकार का मतलब क्या है? केंद्र सरकार ने जो एलजी बैठा रखे हैं, हर बात में अड़ंगा लगा देते हैं। कोई काम करने नहीं देते। न जन कल्याण का, न सरकार का। उनके इशारे पर तमाम अफ़सर दिल्ली सरकार की फ़ाइलों को अटकाने के सिवाय कुछ नहीं करते। आख़िर हम करें तो क्या करें? किस तरह जनता से किए वादे पूरे करें और किस तरह लोगों के हितों की योजनाओं को लागू करें?

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को न्याय कर दिया। पाँच जजों की संविधान पीठ ने कहा- पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और ज़मीन के मामलों को छोडकर तमाम मामलों में एलजी को अब दिल्ली सरकार की सलाह पर ही काम करना होगा। इसके पहले दिल्ली सरकार और विधानसभा के कामकाज में भी एलजी की सलाह के बिना कुछ नहीं किया जा सकता था। कोर्ट के आदेश के बाद अब यह सब खेल ख़त्म हो गया है।

तमाम अफ़सर अब दिल्ली सरकार के अधीन ही रहेंगे। कोर्ट का कहना था कि चुनी हुई सरकार उसके अफ़सरों को आदेश दे सकती है। इसमें एलजी की कोई भूमिका नहीं होगी। कल को कोई दूसरी सरकार भी आए तो उसे भी यह अधिकार हर हाल में मिलेगा। आख़िरकार केजरीवाल की वर्षों की मुराद पूरी हो गई।

उधर पाकिस्तान, जहां पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ़्तारी के कारण पूरा देश सड़क पर है। देशभर में अराजकता फैली है और कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है, वहाँ भी कोर्ट ने न्याय किया। आख़िर कोर्ट के आदेश से इमरान रिहा कर दिए गए। हो सकता है अब एक- दो दिन में पाकिस्तान में अमन लौट आए! दरअसल, हुआ यह कि इमरान के वकील एक अर्ज़ी लेकर कोर्ट पहुँचे। उन्होंने कहा- साहेब, कोई फ़ौज या कोई पुलिस, कोर्ट में सुनवाई चलते वक्त किसी को गिरफ्तार कैसे कर सकती है?

यह तो कोर्ट की अवमानना है। कोर्ट ने आदेश दिया कि तुरंत इमरान खान को कोर्ट में पेश किया जाए। जैसे ही इमरान को कोर्ट में लाया गया, कोर्ट ने कहा- अब इन्हें यहीं से तुरंत रिहा कर दें। मनमानी चल रही है। आप कोर्ट से ऊपर हैं क्या? बस, इमरान खान रिहा हो गए।

तीसरा मामला महाराष्ट्र की नई और पुरानी सरकार का भी है। उद्धव सरकार के गिरने और शिंदे सरकार के गठन के कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की ग़लतियाँ गिनाई। स्पीकर की ग़लतियाँ भी बताईं लेकिन कहा- कि ये सरकार तो बनी रहेगी। कोर्ट का कहना था कि उद्धव विधानसभा के फ़्लोर पर आए ही नहीं। उन्होंने पहले ही इस्तीफ़ा दे दिया तो ऐसी स्थिति में कोर्ट क्या कर सकता है?

कोर्ट ने विधायकों की अयोग्यता के मामले में ज़रूर कहा कि इस बारे में समय रहते स्पीकर को निर्णय लेना होगा। अब समय रहते का मतलब कोई डेडलाइन तो होता नहीं, इसलिए माना यही जा रहा है कि सरकार चलती रहेगी।

दैनिक पंचांग

15 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	वृष	05.24 बजे से
चंद्र	मीन में	मिथुन	07.22 बजे से
मंगल	कर्क में	कर्क	09.35 बजे से
बुध	मेष में	सिंह	11.51 बजे से
गुरु	मेष में	कन्या	14.03 बजे से
शुक्र	मिथुन में	तुला	16.14 बजे से
शनि	कुंभ में	वृश्चिक	18.29 ब.से
राहु	मेष में	धनु	20.45 बजे से
केतु	तुला में	मकर	22.50 बजे से
राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक		कुंभ	00.36 बजे से
		मीन	02.09 बजे से
		मेष	03.40 बजे से

सोमवार 2023 वर्ष का 135 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 01.04 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 09.08 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 01.29 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 13.53 बजे तदनन्तर बालव 01.04 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 45' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871614 **जूलियन दिन** 2460079.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सव्वाल **तारीख** 24 **विशेष** वृषभ संक्रांति, अपरा एकादशी, भद्रकाली जयंती, अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
अमृत	05.53 से	07.22 बजे तक	चर	05.43 से	07.14 बजे तक
काल	07.22 से	08.50 बजे तक	रोग	07.14 से	08.45 बजे तक
शुभ	08.50 से	10.19 बजे तक	काल	08.45 से	10.17 बजे तक
रोग	10.19 से	11.48 बजे तक	लाभ	10.17 से	11.48 बजे तक
उद्वेग	11.48 से	01.17 बजे तक	उद्वेग	11.48 से	01.19 बजे तक
चर	01.17 से	02.45 बजे तक	शुभ	01.19 से	02.51 बजे तक
लाभ	02.45 से	04.14 बजे तक	अमृत	02.51 से	04.2 बजे तक
अमृत	04.14 से	05.43 बजे तक	चर	04.22 से	05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

आपका राशिफल 15 मई

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-5-6-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-7

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-1-2-6

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9

प्रसंगत: धैर्य का पाठ

वासुदेव, बलदेव और सात्यकि अपने-अपने घोड़ों पर चढ़ कर वन विहार के लिए निकले। चलते हुए वे रास्ते से भटक गए और एक सघन वन में जा फंसे। उन्होंने वहीं किसी पेड़ के नी

मोरनी इलाका में भीषण पेयजल संकट गहराया,जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अखबारों में ही प्रबंध में जुटे, धरातल पर प्रबंधन जीरो

हरियाणा/चंडीगढ़,।

मोरनी क्षेत्र के शेरला ताल से जाने वाली सप्लाई मे पानी ने होने के कारण सभी गांव में पीने का पानी नहीं समय से मिल रहा है एक गांव में 10 12 दिन के बाद सप्लाई जाती है आज कुछ लोगों ने सरला ताल बूस्टर पर आकर चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी समस्या रखी और जल्द ही पीने का पानी प्राप्त मात्रा में मिले इसके लिए गुहार लगाई जानकारी के अनुसार जल से ताल की साफ सफाई का कार्य चल रहा है पानी को बाहर निकाला गया उसके बाद ज्यादा संकट पानी का मंडरा रहा है लोगों की मांग है कि यहां पर जल्द से जल्द ट्यूबवेल का कार्य शुरू किया जाए क्योंकि इस एरिया में पानी की मात्रा अधिक है यहां पर लगे हैंडपंप में भी पानी ठीक मात्रा में है यदि संबंधित विभाग चाहे तो इस हेडपंप की जगह गहरा बोर करके इस पानी को पीने के प्रयोग में लाया जा सकता है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही संबंधित विभाग सख्त कदम उठाकर समस्या का हल निकालेगा। गांव सेहत, गड़यों, सौनथल, मखानी, धारला, काजड, मण्डी, चैण के लोगों ने आज इकट्ठा होकर सुरेश पाल पूर्व सरपंच बलजीत सिंह राणा शेरला ताल मे सरकार से मांग की है सेरला ताल में जो हेड पंप लगा हुआ है उसको ट्यूबेल बोर किया जाए। क्योंकि गांव में आजकल 8 और 10 दिन के बाद पानी की सप्लाई बहुत कम मात्रा में जाती है। ताल का पानी गर्मियों में सूख जाता है।

मोरनी इलाका के लिए करोड़ों की जल योजनाओं के बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग के कुप्रबंधन के चलते पर्वतीय इलाके मोरनी में आधी मई में ही जनस्वास्थ्य विभाग का जलवितरण सिस्टम बुरी तरह हांफ गया है। अब महकमे के पास लोगो को पूरे हफ्ते पेयजल तक देने के लिए पानी का प्रबंध नही है। और महकमे ने पानी पूरे हफ्ते देने में असमर्थता जता हाथ जोड़ लिए है। मोरनी में मुख्य जल स्त्रोत घग्घर नदी में आसपास फार्म हाउस बनाए बैठे और कुछ स्थानीय लोगो ने नदी से मोटर लगा पानी उठा लिया है। और विभाग द्वारा दो दर्जन से अधिक, करोड़ो की जल योजनाओं पर खूब पैसा उड़ाने के बावजूद मई के आधे माह में ही पूरे हफ्ते पेयजल उपलब्ध करवाने में बेबसी का ढोल बजाना शुरू कर दिया है।

जबकि लोगो का कहना है की जितना पैसा सरकार ने यहां पेयजल प्रबंधन के लिए दिया उतना पैसा खर्च कर यहां पंचकूला से पानी पहुंच जाता।

लगातार आरोप लगते रहे की यहां स्थानीय स्तर के अधिकारी और विभाग के आला अधिकारियों ने कोई जिम्मेवारी समय रहते नही समझी और स्थानीय लोगो को पेयजल उपलब्ध करवाने को लेकर कोई ठोस कार्ययोजना नही बनाई। बस यहां तैनात अधिकारी ने केवल प्राइवेट होटलों और प्रभावशाली लोगो के फार्मों को पानी देने में ही समय दिया । आम जनता को सुनवाई की तरफ कोई ध्यान नही दिया।

इलाका के लोगो का आरोप है की मोरनी हेडक्वार्टर पर मोरनी प्रभारी जे ई केवल कुछ खास दिन ही आते है। जबकि उनको पूरे हफ्ते हेड क्वार्टर पर मौजूद रहना चाहिए।

विभाग के कार्यकारी अभियंता तो किसी की सुनवाई के लिए फोन तक नही अटेंड करते। यहां की जो पेयजल की सप्लाई चलती भी है स्थानीय कर्मियों की बदोलत ही चल रही है।

मोरनी क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा की यहां कोई अधिकारी मोरनी हेडक्वार्टर पर मौजूद नही होता।मोरनी एरिया मे प्रभारी जेई केवल ठेकेदार के साथ ही आता जाता है।हफ्ते में केवल वीरवार को ही जेई यहां आता है जबकि बाकी दिन हेडक्वार्टर छोटे मुलाजिम ही संभालते है।

लोगो ने मांग की है जो ट्यूबेल पब्लिक हेल्थ द्वारा भोगपुर, थापली, और एक बूस्टर झुलु धारला में लगाए गए है, उनमें बिजली का कनेक्शन न होने की वजह से लोगों को पीने का पानी नहीं दिया जा रहा है। इन ट्यूबवेल को पूर्व विधायक लतिका शर्मा के प्रयास से करोड़ो के बजट से लगाया गया था। मगर गर्मी में पेयजल संकट को लेकर जानते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के जेई ,एसडीओ से लेकर कार्यकारी अभियंता तक नींद में रहे। समय रहते अगर ट्यूबवेलो के लिए बिजली कनेक्शन के लिए प्रयास किया होता तो इलाका में मई के आध में ही पानी को लेकर हाहाकार नही मचता।

ग्रामीणों ने बिजली निगम द्वारा कनेक्शन तुरंत करवाने की उपायुक्त पंचकूला से मांग की है ताकि लोगों को पीने का पानी मिल सके।

उधर खंड मोरनी में पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत घग्घर नदी का बूस्टर स्टेशन है। जहां से खंड की अधिकतर पंचायतों में पानी की सप्लाई दी जाती है। लेकिन जल स्तर घटते जाने व पानी की खपत बढ़ जाने व गर्मी के कारण नदी में पीने योग्य पानी मे दिन प्रतिदिन कमी होती जा रही है। इस जल संकट से बचने का जागरूकता ही एक मात्र उपाय है यह जानकारी मोरनी चैंबर पर स्टाफ के साथ मीटिंग करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के रायपुर रानी मंडल अभियंता विनोद कुमार सैनी ने दी। उन्होंने स्टाफ को जल संरक्षण एवं जल वितरण में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए तथा पंचायतों में एरिया के हिसाब से आवशयकता अनुसार ही पानी की सप्लाई देने की सलाह दी।

इसके साथ उन्होंने मोरनी वासियों से पानी का प्रयोग जरूरत के अनुसार ही करने की अपील की । उन्होंने लोगों से जल संकट के समय मे सहयोग करने के लिए अपील की व कहा की वो पानी को स्टोर करके रखे व जरूरत है अनुसार कम से कम पानी से अधिक से अधिक काम ले। ताकि पानी की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने मोरनी की सप्लाई सप्ताह में दी दिन की कटौती करते हुए चार दिन की सप्लाई करने के निर्देश दिए । इसके साथ साथ उन्होंने गर्मी के मौसम को मध्यनजर रखते हुए फील्ड स्टाफ को चेताया कि पानी की सभी लाइने समय अनुसार रिपेयर हो तथा कहीं की भी सप्लाई बाधित न हो । उन्होंने कहा कि जल वितरण प्रणाली का दुरुस्त होना आधी समस्या का समाधान है।

संक्षिप्त समाचार

माता मनसा देवी परिसर में किया 54 श्रद्धालुओं ने रक्तदान

हरियाणा/चंडीगढ़,। विश्वास फाउंडेशन ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के सहयोग से माता मनसा देवी परिसर में रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा पंचकूला का एहम योगदान रहा। कैम्प सुबह 10 बजे शुरू होकर 3 बजे तक चला। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि ब्लड बैंक पंचकूला वेल्फेयर ट्रस्ट की टीम ने डॉक्टर श्रुति सिंगला व नीना गोयल की देखरेख में 54 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। रक्त लेने से पहले डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं का चेकअप किया, डॉक्टरों ने बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती है। बल्कि रक्तदान करने से व्यक्ति को गर्व महसूस होता है।

साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवशय ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है। रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं किया जा सकता। हमारी संस्था का प्रयास रहता है कि रक्त की कमी ना हो पाये।

रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से ऋषि मोहित विश्वास, अविनाश शर्मा, वर्षा शर्मा, सत्य भूषण खुराना, नर्सींग ऑफिसर वीना रानी व अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

सनातन धर्म मंदिर सभा, सैक्टर 38 वैस्ट ने मनाया मातृ दिवस

हरियाणा/चंडीगढ़,। मातृ दिवस के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर सभा, सैक्टर 38 वैस्ट, चंडीगढ़ की ओर से सैक्टर के कम्युनिटी सेंटर में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सैक्टरवासियों ने हिस्सा लिया। मंदिर सभा के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर लोगों ने अपनी माताओं के साथ जुड़ी हुई स्मृतियों को ताजा किया तथा मातृ-प्रेम की कविताएं, गीत एवं भजन गाए। पार्षद गुरबख्श रावत भी मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं, जिन्होंने स्वयं भी अपनी माता से जुड़े हुए कुछ प्रसंग लोगों के साथ सांझा कीये। रेजिडेंट्स वेल्फेयर एसोसिएशन, सैक्टर 40 के पदाधिकारी दलविंदर सिंह सैनी, राकेश बरोतिया, राजविंदर सिंह गुड्डू इत्यादि भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मंदिर सभा के महासचिव कुलभूषण शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान कई ऐसे अवसर आए जब लोग अपनी माताओं को याद करते हुए भावुक हो गए और उनके गले रुंध गए।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कु0 सैलजा के निर्देशानुसार हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य चन्द्रमोहन ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत भाजपा सरकार की बखिया उधेड़ी

हरियाणा/चंडीगढ़, । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कु0 सैलजा के निर्देशानुसार हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य चन्द्रमोहन ने ₹हाथ से हाथ जोड़ो₹ अभियान के तहत भाजपा सरकार की बखिया उधेड़ी और भाजपा की जनविरोधी नीतियों एवं विफलताओं को उजागर करने और कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका हुड्डा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

उनके साथ में एडवोकेट पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट पुनीत कपुर,पूर्व ज़िला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस आदर्श यादव,राकेश सरोहा इसराणा,कांग्रेसी नेता करनाल राजीव देओल ,धर्म पाल शर्मा दहर पानीपत रूरल,मिसिस शान्ति दहर (दहर पानीपत रुरल , व अन्य भी साथ थे।

प्रसिद्ध सामाजिक संस्था कोटाहा कल्याण परिषद की एक महत्वपूर्ण मीटिंग परिषद की धर्मशाला समलोटा में आयोजित हुई

हरियाणा/चंडीगढ़,।

मोरनी हिल्स की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था कोटाहा कल्याण परिषद की एक महत्वपूर्ण मीटिंग परिषद की धर्मशाला समलोटा में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता परिषद के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा द्वारा की गई।

परिषद के मीडिया प्रभारी मास्टर गोपीचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की मीटिंग में चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया जिस पर सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। इसके अलावा धर्मशाला में करवाए गए रंग रोगन के कार्य का भी सदस्यो ने निरीक्षण किया और संतोष जताया।

इसके अलावा धर्मशाला की खाली पड़ी जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करने की रूपरेखा तैयार की गई। निर्माण कार्य जल्दी ही शुरू कर दिया जाएगा, जिसके लिए तीन सदस्यीय टीम का चयन किया गया जो निर्माण कार्य की देखरेख करेगी।

रविवारीय भंडारे के लिए परिषद के सदस्यों ने स्वेच्छा से धर्मशाला में ड्यूटी निभाने की सहमति जताई है।

इसके अलावा परिषद द्वारा पिछले वर्ष पार्किंग स्थल के आस पास लगवाए गए पौधों की देखभाल के लिए भी तुरंत कार्य शुरू कर दिया। पौधों को पानी और जंगली जानवरों से बचाने के लिए बाड़ करने का काम किया जाएगा।

इसके अलावा पूर्व विधायक लतिका शर्मा ने धर्मशाला में श्री दुर्गा सप्तस्ती पाठ करवाने का अनुरोध किया गया था, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। इस पाठ का आयोजन पंद्रह नवंबर से तीस नवंबर के बीच करवाया जा सकता है, जिसकी तिथि पूर्व विधायक से विचार विमर्श करने के उपरांत घोषित कर दी जाएगी।

आज की मीटिंग में परिषद के वरिष्ठ उप प्रधान टिक्का सिंह, महासचिव होशियार सिंह कपूर, उप प्रधान हृदय राम, बालकिशन, नत्था सिंह, पतराम, जगदीप सिंह, धनीराम, पवन धीमान, रामकिशन रि एस डी ओ, युद्ध सिंह, माम चंद भंवरा, परिषद के नवनियुक्त सदस्यों जय गोपाल जे ई, मेहर सिंह जे ई, हरीश शास्त्री आदि मौजूद रहे।

मोहाली का प्रतिष्ठित ग्रेशियन अस्पताल बना पार्क अस्पताल का हिस्सा

हरियाणा/चंडीगढ़, ।

उत्तर भारत की सबसे तेजी से बढ़ती सुपरस्पेशलिटी अस्पतालों की चैन, पार्क ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने रविवार को ग्रेशियन अस्पताल मोहाली को टेक ओवर कर 450 बेड सुपरस्पेशलिटी अस्पताल लॉन्च करने की घोषणा की।

मोहाली में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एएड अशोक बेडवाल ने कहा कि अस्पताल में एडल्ट व पेडियेट्रिक के लिए हृदय रोग, मस्तिष्क और रीढ़ की बीमारी, हड्डी और जोड़ों के प्रतिस्थापन, कैंसर के मेडिकल व सर्जिकल ट्रीटमेंट , पेट और लीवर, रेस्पिरेटरी और पल्मोनरी, रीनल, डायलिसिस सेंटर, वूमेन रिलेटेड मेडिकल, आपातकालीन और क्रिटिकल केयर सहित विभिन्न बीमारियों के लिए ट्रीटमेंट उपलब्ध होगा।

उन्होंने आगे बताया कि अस्पताल में 150 बिस्तरों वाला एक एडवांस आईसीयू है। इसके अलावा, अस्पताल में रेडियो डायग्नोसिस और डायग्नोस्टिक परिणामों को सपोर्ट करने के लिए नवीनतम रेडियोलॉजी उपकरण - एमआरआई, सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स रे, अल्ट्रासाउंड भी हैं।

अस्पताल में 247 ब्लड बैंक और एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध है।

अस्पताल में डायलिसिस यूनिट, कैथलैब के साथ हार्ट सेंटर, इको, टीएमटी, ईसीजी और ट्रॉमा सेंटर के साथ-साथ पीईटी-सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

पार्क ग्रुप की शुरुआत डॉ अजीत गुप्ता ने 1982 में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल के साथ की थी । बाद में उनके बेटे डॉ अंकित गुप्ता ने प्रबंध निदेशक के रूप में ज्वाइन किया।

अशोक बेडवाल ने कहा, पार्क ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स आने वाले वर्षों में और 1000 बेड बढ़ाने की योजना बना रहा है। आने वाले वर्षों में बेड की संख्या को 40 प्रतिशत तक बढ़ाने की सोच रहे हैं।

इस अवसर पर पार्क हॉस्पिटल के ग्रुप हेड ब्रांडिंग मनीष शर्मा, डायरेक्टर मेडिकल सर्विस डॉ गुलशन, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ अंदेश और जीएम ऑपरेशन दीपिका भाटिया सहित पूरी टीम भी मौजूद रही।

वोट फॉर ओ0 पी0 एस0 की मुहिम हो रही सफल: ऋषि नैन

02 जून से शुरू होगी ओपीएस संकल्प साइकिल यात्रा

हरियाणा/चंडीगढ़,।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव ऋषि नैन ने बताया कि पूरे देश में वोट फॉर ओ पी एस की मुहिम चलाई जा रही है जिसका परिणाम हिमाचल के विधानसभा चुनाव में व हाल ही में कर्नाटका चुनाव में साफ देखने को मिला।हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम जी ने माना था कि उनकी पार्टी यदि पेंशन के मुद्दे को गंभीरता से लेती और वक्त रहते पुरानी पेंशन बहाल कर देती तो सता से बाहर नही होना पड़ता।कर्नाटक सरकार चाहिए था कि वह हिमाचल के चुनाव से सीख ले लेकिन उन्होंने भी वही गलती दोहराई और प्रदेश में आंदोलित कर्मचारियों की बात न मानना उनके लिए घातक सिद्ध हुआ।

अगले वर्ष लोकसभा चुनाव व हरियाणा विधानसभा के चुनाव होने है । अभी हरियाणा सरकार के पास वक्त है कि वो मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए जल्द से जल्द पुरानी पेंशन बहाल करे।माननीय मुख्यमत्री मनोहर लाल जी समझदार मुख्यमत्री है हमे नही लगता की वो हिमाचल व कर्नाटक सरकार वाली गलती दोहराएंगे।

केंद्र सरकार हो या हरियाणा सरकार वह यह तो मान चुकी है कि न्यू पेंशन स्कीम में खामियां है जिसको लेकर उच्च अधिकारियों कि कमेटी गठित की गई थी। पेंशन बहाली संघर्ष समिति सभी आंकड़े सरकार व कमेटी के सामने रख चुकी है।कमेटी के साथ वार्ता में भी अधिकारियों ने माना था कि न्यू पेंशन स्कीम में कमियां हैं और यह रिपोर्ट सरकार के सामने प्रस्तुत की जाएगी।लेकिन लगभग तीन महीने बीत जाने पर भी सरकार किसी परिणाम पर नही पहुंची है जिसके कारण प्रदेश के कर्मचारियों में रोष है।

ऋषि नैन ने बताया कि संघर्ष समिति ने कर्मचारियों के रोष को देखते हुए फैंसला लिया कि 02 जून से नांगल चौधरी महेंद्रगढ़ से ओ पी एस साइकिल संकल्प यात्रा की शुरुवात कर समस्त जिलों से होते हुए 23 जून को महामहिम राज्यपाल जी को चंडीगढ़ में ज्ञापन सौंपा जाएगा।जिसमे प्रदेश एक लाख से ज्यादा कर्मचारी महामहिम से गुहार लगाने के लिए पहुंचेंगे।

साइकिल यात्रा को लेकर प्रदेश के कर्मचारियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा। सभी ब्लॉक व जिलों में साइकिल यात्रा की अभी से तैयारियां शुरू कर दी है और हजारों कर्मचारी यात्रा में शामिल होंगे।

कर्मचारियों को पेंशन देना किसी भी कल्याणकारी राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी बनती है।आर्थिक संसाधनों का बहाना कर वह अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती।मुख्यमंत्री जी को चाहिए कि वह बिना समय गवाएं पुरानी पेंशन बहाल करे।

सोमवार को नारनौंद में डिप्टी सीएम का सम्मान समारोह, दुष्यंत चौटाला के हांसी शहर में भी करीब 25 कार्यक्रम, शहरवासियों को देंगे सौगात

हरियाणा/चंडीगढ़,। सोमवार को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हिसार जिले में नारनौंद और हांसी हलके के दौरे पर रहेंगे। हिसार से जेजेपी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अमित बूरा द्वारा नारनौंद के गांव बास में डिप्टी सीएम सम्मान समारोह रखा गया है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे दुष्यंत चौटाला ग्रामीणों को संबोधित करेंगे।

जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के अलावा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हांसी शहर में करीब 25 सार्वजनिक एवं निजी कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। डिप्टी सीएम क्रमशः हांसी शहर में ज्ञानानंद मिशन मंदिर एवं धर्मशाला, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन, प्रेम नगर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल, हीरो शोरूम सैनी मोटर्स, अंबेडकर नगर में जनसभा, दयाल सिंह कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी, प्रताप बाजार, शिव कॉलोनी, विश्वकर्मा कॉलोनी, भगवती विहार में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

इन कार्यक्रमों के बाद डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सेक्टर 6, जगदीश कॉलोनी, मेन सदर बाजार में जनसभा, अमर मार्केट मोची मोहल्ला में जनसभा, भले राम मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में डॉक्टरों के साथ बैठक, मॉडल टाउन, मंडी सनैन में जनसभा और वार्ड नंबर आठ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जहां पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे तो वहीं स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।